CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

मेरठ, बुधवार 13 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार

खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मुडा ट्रायंगल

सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है।



**■ धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं**


अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -शेष पृष्ठ दो पर

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।



**■ स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई**
**■ कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी**

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## दिल्ली-एनसीआर में 10-15 साल पुराने वाहनों को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनसीआर में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। सीजेआई गवई की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

**■ सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है**



## योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था,जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -शेष पृष्ठ दो पर



## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -शेष पृष्ठ दो पर

अल्लामा इक़बाल यूनानी मेडिकल (यू.जी. एण्ड पी.जी.) कॉलेज एण्ड ए.सी.एन. हॉस्पिटल
रूड़की रोड मुजफ्फरनगर
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
BUMS-4½ वर्षीय कोर्स
पंजीकरण प्रारम्भ - | नीट क्वालिफाईड
सामान्य श्रेणी क्वालिफाईड | 144 पर्सेन्टाईल
पिछड़ा वर्ग क्वालिफाई | 113 पर्सेन्टाईल
15th August
प्रोफसर मुश्ताक हुसैन, प्राचार्य, 9897632081
तसलीम उल हक, मेंनेजिंग डायरेक्टर, 9837132196

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संजय गुप्ता (एम.डी.)
श्री अमन गुप्ता (एम.डी.)
Gupta Resorts
5TH KM. STONE, VEHALNA CHOWK
DELHI-DEHRADUN HIGHWAY, MUZAFFARNAGAR

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
VLO
Vijay Luxmi Optical Company (P) Ltd.
A Complete Optical Showroom in Western U.P.
32-A, S.D. college New Market, Ph.: 9897687271
TUESDAY CLOSED
81-B, Vakil Road, New Mandi, 0131-2600782, 7599992254
SUNDAY CLOSED
Wholesale Showroom : 234, 235, 236-A, S.D. College New Market MUZAFFARNAGAR
EMAIL: vijayluxmioptical@yahoo.co.in, Visit us : vijayluxmioptical.com

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Shah Ji Vishnu Swaroop Jewellers
MFRS. OF: POLKI JEWELLERY, DIMOND, GOLD, KUNDAN
56/1, BHAGAT SINGH ROAD, OPP. DAL MANDI, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
Ajay Swaroop
Madhav Swaroop

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
TCL 9001:2008 Certified Company
JAS-ANZ
ISI
SWASTIK TYRES & TUBES
swastik
CYCLE, RICKSHAW TYRES, TUBES & SPARES
M/S : SWASTIK (INDIA)
5th K.M. Meerut Road, Muzaffarnagar - 251 001 (U.P.)
Ph.: 8192061110, 8191061110

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघल इस्पात
एंगल, पत्ती, सरिया, पाईप, चादर आदि के थोक विक्रेता
अमित संगल
नितिन संगल
निकट टाटा धर्मकांटा, मेरठ रोड, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में धार्मिक स्थल के आसपास तनावपूर्ण शांति

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मकबरा को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दस नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है हालांकि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को नामजद नहीं किया गया है, जिससे छुटभैए भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बीते सोमवार को शहर के आबू नगर मोहल्ले में 300 वर्ष पुराना मकबरा को एक संप्रदाय के लोगों ने शिव मंदिर घोषित किया था।

### मुंबई से दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी।

### परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े। अचानक उनके गिरने से मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर सोफे पर बिठाया। तकरीबन 20 मिनट बाद यादव नार्मल हुए।

## आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिद.ेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

# यूपी में 67.50 लाख बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2024-25 में 5599997 लाभार्थियों को मिल चुका पेंशन का लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों तक पेंशन की राशि पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनका आर्थिक सहायता कर चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025.26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था, जिसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है, जहां पेंशन सीधे आधार, लिंक्ड खातों में जाती है, बिना किसी मध्यस्थ के। इससे सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है। वृद्धावस्था पेंशन योजना योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमुख हिस्सा है, जो बुजुर्गों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे उनके जीवन के अंतिम वर्षों में वित्तीय परेशानियां कम होती हैं। योगी सरकार ने इस योजना को शुरू से ही प्राथमिकता दी है। 2017 में जब योजना का विस्तार शुरू हुआ, तब लाभार्थियों की संख्या 37.47 लाख थी, जो आज 67.50 लाख के लक्ष्य तक पहुंच गई है। यह वृद्धि सरकार की सक्रियता का नतीजा है, जहां विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र बुजुर्गों को चिह्नित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यदि तय लक्ष्य से अधिक पात्र मिलते हैं, तो उन्हें भी योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2018.19 में 40,71,580 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला, जिसमें 187913.10 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई। 2019.20 में यह संख्या बढ़कर 47,99,480 हो गई और 269774.45 लाख रुपए का व्यय हुआ। 2020.21 में 51,24,155 लाभार्थियों को 369449.13 लाख रुपए की पेंशन मिली। 2021.22 में 51,92,779 वृद्धजनों को 427790.56 लाख रुपए की पेंशन दी गई। 2022.23 में यह संख्या 54,97,237 तक पहुंच गई, और इस पर कुल 608374.50 लाख रुपए खर्च हुए। 2023.24 में 55,68,590 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला है।

## फतेहपुर मामले में सरकार सख्त कदम उठाए: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि फतेहपुर में मकबरा विवाद पर सरकार सख्त कदम उठाए जिससे सांप्रदायिक सदभाव खराब न हो सके। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि यूपी के जिला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिए, जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाए तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। सरकार इस मामले को ज़रूर गम्भीरता से ले तथा ज़रूरत पड़ने पर सख्त क़दम भी उठाए। गौरतलब है कि फतेहपुर जिले के आबू नगर में सोमवार को धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा फैलाने के आरोप में दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

# फतेहपुर मामले पर हंगामे के बीच कई बिल पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक किया हंगामा सरकार ने दिया जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फतेहपुर मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद लगभग घंटे भर तक हंगामा किया, जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सपा के सदस्य फतेहपुर के मामले को लेकर लगातार सदन के भीतर नारेबाजी कर सरकार से इस मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। हंगामे को देखते हुए सरकार की तरफ़ से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने फतेहपुर मामले पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते कार्रवाई की है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। दोषियों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना के जवाब देने के बाद भी समा.जवादी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने अपना जवाब दिया है अब सपा के सदस्यों को शांत हो जाना चाहिए। लेकिन सपा की तरफ़ से नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी बंद न होने पर हंगामे के बीच ही कैग की रिपोर्ट टेबल की गई। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में रखा गया। हंगामे के बीच करीब 50 मिनट तक कार्यवाही जारी रही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने सदन के भीतर फतेहपुर का मामला उठाया और कार्य स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए सदन में चर्चा कराने की बात कही।

### फतेहपुर में मकबरा विवाद में लिप्त पप्पू सिंह चौहान को सपा ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा विवाद में संलिप्तिता पाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता पप्पू सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हांलाकि पप्पू चौहान ने वीडियो जारी कर सपा को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि फतेहपुर के आबूनगर में मकबरा को मंदिर बताते हुए हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को विवादित स्थल पर पूजा अर्चना की थी। इस सिलसिले में पुलिस ने दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में पप्पू चौहान का भी नाम है। सपा आलाकमान ने मकबरा विवाद में पप्पू चौहान का नाम आते ही उसे पार्टी से बाहर करने का ऐलान किया। फतेहपुर में सपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि हुसैनगंज तहसील के गांव रहिमालन के पुरवा निवासी पप्पू सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गति.विधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मुस्लिमो की रहनुमा सपा वही काम करती है, जो मुस्लिमों को पसंद है। उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है और वह सनातनी है और सनातन के पक्ष में हमेशा खड़े रहेंगे।

## सपा के शासनकाल में था माफिया का बोलबाला: मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफिया का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। अपराध होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री आवास तक में अपरा.धियों की पैठ थी। सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समा.जवादी पार्टी अहंकार के आक.ाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होने कहा कि सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में सपा के साथ जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि यूपी में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।



सेंसेक्स 80235.59
निफ्टी 24487.40



सोना रु. 99549
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113593
प्रति किलो





# बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए थे। निजी बैंक, वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई। ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर टूट गए। बजाज फाइनेंस का शेयर 2.87 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.36 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.35 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वहीं मारुति सुजुकी का शेयर 2.06 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। जहां बड़ी और मझौली कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की, वहीं छोटी कंपनियों में विश्वास दिखाते हुए उनके शेयरों में पैसा लगाया। एनएसई में निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि मिडकैप 50 सूचकांक 0.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। सौ शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 भी 0.34 प्रतिशत टूट गया। सुबह सेंसेक्स 95.57 अंक की गिरावट में 80,508.51 अंक पर खुला और कुछ ही देर में हरे निशान में चला गया। दोपहर बाद तक सूचकांक में सीमित उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी डेढ़ घंटे में मुनाफा वसूली होने से यह अंत में 368 अंक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स ऊपर 80,997.67 अंक और नीचे 80,164.36 अंक तक गया जो 800 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव है।

## सोने के दाम में गिरावट चांदी महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। जबकि चांदी महंगी हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत दाम बढ़ गए जबकि गेहूं में नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखने को मिला। चीनी में मजबूती देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,400 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.08 प्रतिशत फिसलकर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए बढ़कर 3,835.89 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं दो रुपए की मामूली गिरावट में 2,839.29 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,293.82 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन छह रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल में पांच रुपए की तेजी रही। वनस्पति 65 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल में नौ रुपए की तेजी रही। सूरजमुखी तेल में दो रुपए की मामूली गिरावट देखी गई। सोया तेल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपए नरम हुई जबकि तुअर दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 15 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूंग भी सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...** व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरि.कता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और साम.ुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

## बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रो.हतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैल्थअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फर्जी मार्कशीट बनाने वाला गैंग दबोचा

## एसटीएफ की टीम ने सरगना समेत तीन शातिरों को किया गिरफ्तार, 10 वर्षों से चल रहा था फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसटीएफ मेरठ ने मंगलवार को हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की मार्कशीट में अवैध तरीके से अंक बढ़ाकर उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिलाने एवं उ.प्र. ओपन स्कूल बोर्ड से फर्जी तरीके से बैक डेट की मार्कशीट बनवाने वाले गैंग के सरगना सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को एसटीएफ मेरठ की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगानगर क्षेत्र में एक मकान में बैठकर कुछ लोग मार्कशीट में हेराफेरी कर अंक बढ़ाते हैं और बिना परीक्षा दिए यूपी ओपन स्कूल बोर्ड से बैक डेट की मार्कशीट बनवाते हैं। मुखबिर की निशानदेही पर टीम ने एफ-230, गंगानगर में छापा मारकर तीनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

एसटीए एसटीएफ की टीम ने जितेंद्र पुत्र साधू सिंह निवासी सी 28 पांडव नगर थाना सिविल लाइन मेरठ, शिव कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी 367/9 ऑपोजिट केएल इंटर नेशनल स्कूल जागृति विहार थाना मेडिकल मेरठ और निखिल तोमर पुत्र बादाम सिंह निवासी 57 आशा नगर जेल चुंगी थाना मेडिकल मेरठ को गंगानगर मकान संख्या एफ-230, गंगानगर, थाना गंगानगर मेरठ से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक कंप्यूटर, एक प्रिंटर, एक एक्सटर्नल हार्ड डिक्स, 10 विभिन्न स्कूलों की मोहरें, दो स्टैंप पैड, 25 हाई स्कूल की



एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी।

मार्कशीट माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., 49 इंटरमीडिएट की मार्कशीट माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., 2 मार्कशीट उत्तर प्रदेश राज्य युक्त विद्यालय परिषद, दो टीसी, एक सनद, एक गाड़ी ओरा बरामद की है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह कंप्यूटर सिस्टम से मार्कशीट के अंक एडिट कर नई फर्जी मार्कशीट तैयार करता था और इसके बदले प्रति छात्र 10 हजार रूपये वसूलते थे। साथ ही टीसी बनाने का रेट 3 हजार रूपये प्रति छात्र था आरोपियों ने विभिन्न स्कूलों की रबड़ मोहरें बनवा रखी थी। इस गिरोह का एक साथी लखनऊ में बैठकर फर्जी मार्कशीट बनाता था और 10 से 15 दिन में मार्कशीट बनवाकर, पोर्टल पर चढ़वाकर इनको कोरियर से भेजा जाता था। इसके लिए छात्र-छात्राओं से 10 से 15 हजार रूपये तक वसूलते थे। लखनऊ वाले साथी को प्रति मार्कशीट 5 हजार रूपये भेज देते थे।

यह नेटवर्क पिछले 10 वर्षों से सक्रिय था। एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना गंगानगर में मुकदमा दर्ज कराया। गंगानगर पुलिस के द्वारा तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# सिवाल खास में हुई तीन बच्चों की मौत में पुलिस की कार्रवाई हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** 10 दिन पूर्व कस्बा सिवाल खास में हुई तीन मासूमों की मौत से जानी क्षेत्र में हड़कंप मच गया था जिसमें लगातार पुलिस टीम में लगी हुई है। थाना पुलिस ने कुछ लोगों का हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और उनके डीएनए टेस्ट लेकर भी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी इस घटनाओं का संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश सरकार व पुलिस को नोटिस जारी किया था जिसमें रिपोर्ट मांगी गई थी। वहीं थाना पुलिस लगातार इसमें तेजी से कम कर रही और कुछ पुलिसकर्मी जो तेजतर्रार इस घटना में बाहर थानों से बुलाए गए हैं लगातार इसमें काम कर रहे हैं।



उधर, सीओ सरधना आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर और तेज तर्रार पुलिसकर्मी इस केस में काम कर रहे हैं। लगातार सीओ सरधना आशुतोष कुमार इस केस को बारीकी से ले रहे हैं और पूरी टीम को वॉच कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्दी इस घटना को खुलासा किया जाएगा जिसमें रात दिन पुलिस लगी हुई है। वहीं मंगलवार को कस्बा सिवाल खास में घटनास्थल के आसपास सिवाल खास मंदिर के सामने ग्रामीणों से पूछताछ भी की गई।

## दौराला मण्डल में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** मंगलवार को सरधना विधानसभा के दौराला मण्डल में 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र मलिक, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा आशीष अहलावत, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदुमन जैन, प्रशांत अहलावत, सचिन विहान, अमित गुप्ता, नरेंद्र पाल सिंह, रामबीर अहलावत, जाहिद रफी, सुमित विहान, साजिद खान सोनी, मिंटू कश्यप, शिवम सिवाच, दिनेश सिवाच, अरुण विहान, पंकज विहान, नितिन विहान, रॉबिन विहान, सूरज विहान, जीनू प्रजापति, देवेंद्र, किरण पाल आदि शामिल हुए।

# राजन हत्याकांडः मुख्य आरोपी के साथी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला बंसी में कहासुनी के बाद टायर पंक्चर लगाने वाले युवक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद शव ईंख के खेत में फेंक दिया था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ईख के खेत से शव को बरामद कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। ट्रक चालक की हत्या पर पीड़ित परिजन ने एक हत्यारोपी को नामजद तथा दो अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमा दर्ज कराया दिया है। पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी का सहपाठी को बटालवी हाईवे से गिरफ्तार करने का दावा किया है। हत्या में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

बताते चले कि नगर के मोहल्ला बसी निवासी राजन (22) वर्ष पुत्र बिजेंद्र कुमार ट्रक चालक था। जबकि



मृतक का फाइल फोटो।

उसका पड़ोसी सचिन पुत्र कश्मीरे सिंह टायर पंक्चर लगाने का कार्य करता है। सोमवार की शाम करीब छह बजे राजन व सचिन एक जगह बैठे बातें कर रहे थे। इसी बीच उनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जो मारपीट



पुलिस की हिरासत में आरोपी व बरामद बाइक।

में बदल गई थी। उस समय तो दोनों पक्षों को नागरिकों ने समझा बुझाकर शांत कर दिया था। जिस पर दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गये थे। इसके बाद सोमवार की रात में करीब नौ बजे मामले ने गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि सचिन ने राजन को चेतावनी देते हुए हंसापुर रोड स्थित प्लाट पर बुला लिया। इसके बाद उनके बीच काफी झड़प हुई। इसके बाद सचिन ने तमंचे से गोली मारकर राजन की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर शव को पास के ईख के खेत में फेंक दिया था। राजन की हत्या के बाद आरोपी सचिन वह उसके दो अन्य साथी बाइक लेकर फरार हो गये। सोमवार रात करीब दस बजे तक भी जब राजन अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने बहसूमा थाना पुलिस को सूचना देते हुए राजन की तलाश शुरू की। नवनियुक्त बहसूमा थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में राजन की तलाश की। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया पुलिस ने राजन का शव ईख के खेत से बरामद हुआ है। राजन की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर सीओ मवाना संजय कुमार जयसवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने मामले की जानकारी ली। सीओ मवाना ने बताया कि शाम को राजन और सचिन के बाद किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद रात में सचिन ने राजन की गोली मारकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या करने वाला मुख्य आरोपी सचिन का सहपाठी प्रिंयाग उर्फ छोटा पुत्र प्रमोद निवासी मोहल्ला बसी को बटावली मार्ग हाईवे से गिरफ्तार किया है उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी एवं एक सहपाठी अभी भी गिरफ्तारी से बाहर है। जल्द ही दोनों आरोपितो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी स्थित कैप्टन अब्दुल हमीद ग्रामीण स्वास्थ एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। जिसमे प्रोफेसर डॉ. पवन पाराशर स्त्री रोग विशेषज्ञ एचओडी डॉ. मन्जू मलिक, डॉ. छवि किरण गुप्ता प्रोफेसर कम्युनिटि मेडिसन विभाग ने स्तनपान सप्ताह के अन्तर्गत बताया कि छः माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिये तथा पीला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाऐ ऐसा करने से बच्चौ में बिमारियो से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहते है तथा छः माह के बाद थोड़ा थोड़ा घर का बना ऊपरी आहार भी शुरु कर देना चाहिए और कम से कम 2 वर्ष तक स्तनपान कराएं। इस मौके पर डॉ. कुशाग्र अग्रवाल जे.आर.आई. इंटर्न डॉ.




आदित्यवर्धन सिंह, डॉ. एमन फारुख डॉ. अभिनय माहेश्वरी उपस्थित रहे। लायन्स क्लब से चीफ गेस्ट पी.डी.जी. लायन आलोक भटनागर, प्रेसिडेन्ट लायन पंकज सिघल, लायन रविन्द्र कुमार लायन डी.के. जिंदल, लायन राजेश गुप्ता चारु सिहाल पत्नी लायन पंकज सिंघल आदि मौजूद रहे। संचालन मोहम्मद फरहत द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, रमेश, विनोद, रेनू सुनीता का विशेष सहयोग रहा।

## 19 अगस्त को होगी जिला सैनिक बंधु की बैठक

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (अ. प्रा.) राकेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की अगस्त 2025 की मासिक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 अगस्त को (मंगलवार दोपहर चार बजे) कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। उन्होंने जनपद मेरठ के पूर्व सैनिकों/शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों को सूचित करते हुये बताया कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु 15 अगस्त तक अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय की मेल पर या कार्यालय हस्तगत करा दे।

# उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल ने अमेरिका की फूड चेन व उत्पादों के बहिष्कार का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद मेरठ की एक बैठक गढ़ रोड पर जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य मुद्दा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में 7 अगस्त में टैरिफ लगाया है फिर डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ शर्तें और रखी, जिन्हें भारत ने नहीं माना तो फिर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया और यह टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया जो 27 अगस्त से लागू होना है। यह टैरिफ अमेरिका की अन्याय पूर्ण और अनैतिक तानाशाही है, ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत एक स्वाभिमानी देश है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा पर आंच नहीं आने देगा, भारत केवल अमेरिका से ही व्यापार नहीं कर रहा, विश्व के अनेकों देश से भी व्यापार कर रहा है। भारत का व्यापारी व जनता अपने स्वाभिमान के लिए अमेरिका के 200 से ज्यादा उत्पादों जैसे पेप्सी, कोका कोला, अमेजॉन, पिज्जा हट आदि का बहिष्कार




कर अपनी एकता और ताकत से जवाब देंगे। अमेरिका ने भारत की अनेकों वर्षों की साझेदारी समाप्त कर दी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का आह्वान है अमेरिका की फूड चेन व समस्त अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार कर भारतीय व्यापार को ऊपर उठाया जाए। बैठक में विष्णु दत्त पाराशर, अकरम गाजी, कुलदीप शर्मा, दीपक गर्ग, अंबुज रस्तोगी, विनोद त्यागी, तरुण शर्मा, मोहम्मद यूनुस, सुधीर शर्मा, राजीव गुप्ता, विनय अग्रवाल, सुधांशु पराशर, शाहिद सैफी, सुरेश कुमार, बिट्टू आदि उपस्थित रहे।

# जंगल में बदमाशों के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

## सोमवार को खेत में काम कर रहे ग्रामीण को पकड़कर बदमाशों ने गांव के लोगों के बारे में ली थी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव नागोरी में बीते सोमवार को दिनदहाड़े प्रात करीब 7:30 बजे किसान हितेश पुत्र सुनील कुमार का कहना है कि नागोरी से गांव से कुछ दूरी पर गगसौना मार्ग पर अपने ईख के खेत में काम कर रहा था। अचानक हथियारबंद एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने खेत में घुसकर हितेश को घेर लिया और हथियारों से आतंकित कर साथ ले जा रहे थे। दिनदहाड़े बदमाशों के जंगल में दिखाई देने पर गांव के किसान दहशत के मारे जंगलों में काम करने डर रहे हैं और दिन में भी गांव और जंगलों में लाठी डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं।

यह था मामला गांव निवासी ओमकार सिंह, उदेश कुमार, बालिंन्द्र,

**गांव और जंगलों में लाठी डंडे लेकर दे रहे हैं पहरा**

विपिन, अनंगपाल, आर्यन, अनिल, राजकिशोर, अरविंद, गुड्डू, महावीर, अनुज, जुम्मा, बिरज, आदि ने बताया कि सोमवार प्रातः 7:30 बजे उनके गांव के किसान हितेश अपने खेत में गन्ने की बधाई कर रहा था। अचानक खेत से 13 हथियारबंद बदमाशों ने उसे घेर कर पकड़ लिया और गांव की जानकारी करते हुए कि तुम्हारे गांव में कौन-कौन सी जाति कितने लोग कितनी संख्या में रहते हैं किसके पास ज्यादा अधिक माल है। यह कहते हुए मारपीट करने लगे किसान हितेश के शोर मचाने पर सभी ग्रामीण इकट्ठा होकर लाठी डंडे लेकर खेतों में पहुंचे



बदमाश अपने आप को घिरता हुआ देख बंधक बनाए गए किसान को छोड़कर यह धमकी देकर छोड़कर फरार हो गए। अगली बार मौका मिलने पर तुझे नहीं छोड़ेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना उनके गांव में दूसरी बार हुई है अब से पहले भी दो सप्ताह पूर्व उनके गांव में बाहरी छोर पर रह रहे इकबाल नाई के यहां भी बदमाशों ने धावा बोला था। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उल्टा ग्रामीणों को यह कहकर डांट रहे हैं कि बदमाशों की वीडियो दिखाओ नाटक मत करो अफवाह मत फैलाओ, नहीं तो हम तुम्हारे खिलाफ मुकदमा कर देंगे। भयभीत होकर ग्रामीणों ने गांव में एक पंचायत कर यह निर्णय लिया और सभी लोगों ने बदमाशों से निपटने के लिए एक राय होकर लाठी डंडों से लैस होकर अपने गांव में पहरा देकर अपनी सुरक्षा अपने आप करेंगे पुलिस को सूचना नहीं देंगे। नहीं तो पुलिस हम पर उल्टा मुकदमा लगा देगी। इस घटना से भयभीत होकर सभी किसानों के सामने अपने खेतों पर दिन में भी खेतों पर जाने में डर लगने लगा है।

# पिता ने लगाया बेटी के अपहरण का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## साढ़े छह बीघा जमीन का बैनामा करने के बाद से लापता है युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव नगला काटर में पिछले दिनों संदिग्ध अवस्था में मां की मौत होने के बाद इकलौती वारिस को बहला फुसला कर साढ़े छः बीघा जमीन का बैनामा करा लिया गया। बैनामे के बाद किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। उसके पिता ने तीन पूर्व एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर तीन लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव निवासी स्वर्गीय हुकमी की दो संतानों में छोटी बेटी कुसुम चौधरी की गत तीन मार्च को संदिग्ध अवस्था में उपचार के दौरान मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई थी। गांव में उसके नाम पर दर्ज कृषि भूमि इकलौती वारिस उसकी नाबालिक बताई गई बेटी आरजू के नाम है उसके लापता होने पर परिजनो ने बताया कि मुजफ्फरनगर की आदर्श कॉलोनी निवासी रितेश ने आरजू को बहला फुसलाकर उसे कृषि भूमि को अपने नाम बैनामा करा लिया।

गत दो अगस्त को बैनामा होने के बाद आरजू रहस्यमय परिस्थितियों में गांव से लापता हो गई। उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। आरजू के पिता धर्मेंद्र पुत्र जय नारायण निवासी ग्राम हरसोली जिला मुजफ्फरनगर ने एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा को बीते दिनों प्रार्थना पत्र देकर थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे में नामजद मुजफ्फरनगर की आदर्श कॉलोनी निवासी रितेश, आशीष तथा योगेंद्र पर आरोप है कि वह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए तथा उन्होंने बेची गई भूमि के लालच में उसकी बेटी को अगवा कर रखा है। धर्मेंद्र ने अपनी पुत्री की हत्या की आशंका जताई है। पिता ने मुकदमे में बेटी को जान का खतरा बताते हुए उसे आरोपियों के चुंगल से छुड़ाने की गुहार लगाई है।

# परीक्षितगढ़ में निकाली गई तिरंगा पद यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मंगलवार को नगर में तिरंगा पद यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ परीक्षितगढ़ मण्डल अध्यक्ष सोहनवीर सिंह ने ब्लॉक सभागार परीक्षितगढ़ से शुरू किया। यात्रा मैन बाजार शिव चौक से होते हुए भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ब्रहम सिंह व संयोजक रामगोपाल त्यागी, संजीव शर्मा मण्डल महामंत्री रहे। इस दौरान मोहित बंसल, मण्डल महामंत्री राहुल शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष पंकज त्यागी, अंकित त्यागी, पूर्व मण्डल महामंत्री, ललित त्यागी मण्डल अध्यक्ष पूठी विकास उपाध्याय जिला पंचायत सदस्य, नितिन प्रधान सोना क्षेत्र से प्रमोद प्रधान गूड्डू प्रधान साब्बे प्रधान, पपीत प्रधान, बिननू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मीठेपुर गांव में तीन अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवारा को चौकी क्षेत्र के एक ही गांव में तीन अलग-अलग घटनाओं ने हड़कंप मचा दिया। तीनों ही मामलों में आरोपी एक ही व्यक्ति है। क्षेत्र के मीठेपुर गांव निवासी काफी संख्या में ग्रामीण प्रधान व पूर्व प्रधानों के साथ लावड़ चौकी पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव का एक युवक काफी समय से माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है वह खुद को सत्ता पक्ष का बताकर रोब गालिब करता है। ग्रामीणों ने पहली शिकायत में, टिंकू पुत्र जीतू पर 4 लाख रुपये की फिरौती मांगने और एक व्यक्ति व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरी शिकायत में नौकरी के नाम पर 60 हजार रुपये ठगने और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

फिरौती और मारपीट का पहला आरोप मीठेपुर गांव निवासी आरिफ, जो पेशे से किसान और बालों का व्यापार करता है। उसने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे लावड़ चौकी में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। आरिफ ने बताया कि सुबह 10:30 बजे टिंकू जबरदस्ती उनके घर में घुस आया। आरोप है कि टिंकू ने पिस्तौल दिखाकर आरिफ और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और 4 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी देकर टिंकू वहां से भाग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरिफ ने हाल ही में अपनी 3 बीघा जमीन एक करोड़ रुपये में बेची थी। टिंकू इसी जमीन के सौदे से मिली रकम में से 4 लाख रुपये की फिरौती मांग रहा था।

**दूसरा मामला:** नौकरी के नाम



पर 60,000 की धोखाधड़ी की ओर नौकरी नहीं लगने पर जब पैसे मांगे तो उसके साथ मारपीट की ओर मारने की धमकी दी। अबरार ने बताया कि वो गांव में वेल्डिंग की दुकान करता है, लगभग 7 महीने पहले टिंकू ने उन्हें नौकरी दिलाने का वादा किया था और इसके लिए 60 हजार रुपये लिए थे।अबरार का आरोप है कि टिंकू ने न तो नौकरी दिलवाई और न ही पैसे वापस किए। जब मंगलवार सुबह 9 बजे अबरार ने पैसे वापस मांगे, तो टिंकू ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

**तीसरी तहरीर** में रिहान पुत्र अमरु ने बताया कि वह फेरी कर बाल खरीदता है वो मंगलवार को फेरी पर जा रहा था तभी टिंकू ने अपने साथी रोहित के साथ मिलकर उसे रोक लिया आरोप है कि रिहान के थैले में दोनों युवकों ने जबरन गांजा रख दिया और फिर उसी गांजे को थैले से निकालते हुए अपने फोन से वीडियो बना ली आरोप है कि विरोध करने पर रिहान को तमंचा दिखाते हुए मारपीट की ओर उसके पांच हजार रुपए छीन लिए। ग्रामीणों ने बताया कि वो अक्सर काले रंग की बुलेरो गाड़ी में ब्लैक फिल्म लगाकर 5-6 संदिग्ध लोगों के साथ घूमता है। स्थानीय लोगों में टिंकू की अपराधिक प्रवृत्ति को लेकर काफी चर्चा है, जिससे विशेषकर मुस्लिम समुदाय में रोष की भावना है। ग्रामीणों ने एसएसपी मेरठ से शिकायत करने की भी बात कही है। वहीं पुलिस ने दोनों शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। तीनों ही मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जारी है। इस दौरान वर्तमान प्रधान पदमेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान दातिया, कल्लू, मसूद, आहद, इस्लाम आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पैर फिसलने से तालाब में डूबी महिला, मौत

## परिजनों ने बताया सुबह पांच बजे निकली थी गोबर डालने, तालाब में तैरता मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** तालाब के बराबर में जा रही एक महिला की पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे गोबर डालने के लिए गई थी। तभी से वह गायब थी। शौच करने जा रहे ग्रामीणों को तालाब में शव तैरता हुआ दिखाई दिया तो उन्होंने शोर मचा दिया। तभी परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने पोस्टमार्टम करने के लिए कहा तो परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया और लिखित में एक प्रार्थना पत्र दे

### परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार

दिया और पास के ही श्मशान घाट में विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया।

बताते चलें कि अस्सा निवासी महिला रेखा (48 वर्ष) पत्नी विनोद कुमार मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे गोबर डालने के लिए पास में बने पथवारे में गई थी। तालाब के बराबर में कीचड़ होने के चलते महिला का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गई। कुछ समय बाद जब महिला रेखा घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों में अफरा तफरी मच गई और उसकी तलाश करने के लिए गांव के चारों और दौड़ लिये लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सुबह दिन निकलने पर जब ग्रामीण शौच करने के लिए जंगल जा रहे थे तो उन्हें तालाब में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया तो उन्होंने शोर मचा दिया। तभी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और तालाब से शव बाहर निकलवाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी संजय कुमार जायसवाल एवं थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों से पोस्टमार्टम करने के लिए कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया। परिजनों ने पुलिस को एक लिखित में एक प्रार्थना पत्र दे दिया। परिजनों पास के ही श्मशान घाट में महिला का अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ कर दिया। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि महिला कि किसी से रंजिश नहीं थी। वह सुबह के समय अपने पशुओं का मल लेकर पास के ही बने पथवारे में गई थी। तालाब के बराबर में बारिश होने के चलते कीचड़ हो रहा था। तभी महिला का पैर फिसल गया और तालाब में डूबकर मृत्यु हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया है और लिखित में एक प्रार्थना पत्र दिया है। घटना इत्तेफाकिया बताई जा रही है।

# गंगा नदी में फिर जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को सता रही बाढ़ की चिंता

## मंगलवार को बढ़कर एक लाख 60 हजार क्यूसेक हुआ जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** गंगा नदी में एक बार फिर से जलस्तर बढ़ना शुरु हो गया है और ग्रामीणों को एक बार फिर से बाढ़ की चिंता सताने लगी है। पिछले दो दिनों में गंगा का जलस्तर 50 हजार क्यूसेक से अधिक बढ़ा है। हालांकि खेडा मुजादपुर के सामने से टूटे तटबंध के दुरुस्त हो जाने के पश्चात पानी निकलना बंद हो गया है। जिससे खादर क्षेत्र को काफी राहत मिली है। वहीं हस्तिनापुर चांदपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त हुए हिस्से से अभी भी पानी की तेज धारा निकल रही है और आवागमन पूर्ण रूप से बंद है। लोगों का कहना है कि बिजनौर का बैराज पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण मार्ग को बंद कर दिया गया है। ऐसे में हस्तिनापुर चांदपुर मार्ग वैकल्पिक मार्ग के तौर पर बहुत की सहायक सिद्ध हो सकता था लेकिन अप्रोच रोड के टूट जाने से यह मार्ग भी बंद हो गया। अब लोगों को लंबी दूरी तय कर वाया गढ़मुक्तेश्वर जाना पड़ रहा है। वहीं खादर क्षेत्र के संपर्क मार्गो से पानी उतर गया है लेकिन जंगल अभी भी पानी से लबालब भरे है।

बीते सोमवार की प्रात: के समय बिजनौर बैराज से गंगा में एक लाख 24 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज चल रहा था और सांय के समय बढ़कर एक लाख 53 हजार तक हो गया था। वहीं मंगलवार को नदी के जलस्तर में और बढ़ोत्तरी हुई और एक लाख 60 हजार क्यूसेक हो गया है। बिजनौर बैराज के अवर अभियंता घनश्याम ने बताया कि सोमवार की अपेक्षा जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है और अभी जलस्तर स्थिर है। वहीं खेडा मुजादपुर के सामने क्षतिग्रस्त हुए तटबंध को सिंचाई विभाग द्वारा दुरुस्त करा लिया गया था। जिसके बाद से क्षतिग्रस्त तटबंध से पानी निकलना बंद हो गया। अब जिन स्थानों से तटबंध कमजोर है उन स्थानों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है।

# कल होगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि 14 अगस्त को जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में प्रात: 10 बजे अटल सभागार, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगो की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जायेगी। कार्यक्रम में विभीषिका से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी एवं सहप्रभारी परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मेरठ को बनाया गया है। उन्होने कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु अधिकारियो को नोडल अधिकारी नामित करते हुये सौपें गये दायित्वो का निवर्हन ससमय पूर्ण जिम्मेदारी से करने हेतु निर्देशित किया है।

# आकाश एजुकेशनल ने इनिशिएटिव एंथे 2025 की शुरुआत का किया ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसल) जो टेस्ट प्रिपरेशन में देश की अग्रणी संस्था है, ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) की शुरुआत का ऐलान किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडीए दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि एंथे अब देशभर के छात्रों के लिए एक उम्मीद की पहचान बन चुका है। पिछले 16 वर्षों में हमने मेधावी छात्रों को उनके सपनों को पूरा करने का मौका दिया हैए चाहे उनकी आर्थिक स्थिति या लोकेशन कुछ भी हो। आकाश में हमारा मानना है कि हर छात्र में क्रिटिकल थिंकिंग, समस्याएं हल करने और बदलाव लाने की क्षमता होती है। एंथे इस सोच को आगे बढ़ाते हुए छात्रों को सही संसाधन, सहयोग और मोटिवेशन देगा ताकि वे आगे बढ़ें और चमकें।

# गांव बस्तौरा नारंग के समीप विद्युत लाइन का खंभा बाढ़ के पानी में समा जाने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** क्षेत्र के गांव बस्तौरा नारंग के समीप विद्युत लाइन का एक खंभा बाढ़ के पानी में समा जाने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया और शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। ग्रामीण इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में हंगामा कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि खादर क्षेत्र को पहले से ही कम विद्युत आपूर्ति हो रही है। बाकी विद्युत लाइन टूट जाने से आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो जाएगी। जिनसे पहाड़पुर राम, बसतोरा नारंग, मकदुमपुर, किशोरपुर, मामेपुर गांवों की बिजली बाधित हो गई है। गांव वासियों ने मवाना कार्यालय पहुंचकर भी विरोध प्रदर्शन किया किया। जिस पर अधिकारियों ने दो दिन के अंदर लाइट चालू करने का ठोस आश्वासन दिया।

**अब तक 1150 लोगों को किया गया राहत सामग्री वितरित:** तहसीलदार निरंकार सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों को लगातार राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अभी तक 1150 लोगों को राहत सामग्री वित. रित की जा चुकी है। वहीं अप्रोच रोड में बहकर जान गंवाने वाले जित. ेंद्र के स्वजन के खाते में हस्तांतरित की जाने वाली धनराशि की सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही चार लाख रुपये की सहायता राशि उनके स्वजन के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।





# कोर्ट मैरिज करके थाने पहुंची युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महलका से एक महीना पूर्व लापता हुई युवती अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करके थाने पहुंची। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना देकर युवती के बयान लेकर उसके प्रेमी के साथ भेज दिया है। इस मामले में युवती के पिता महलका निवासी ने थाने पर एक जुलाई को अपनी पुत्री के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि महलका निवासी 20 वर्षीय युवती अपने प्रेमी गांव निवासी निहोरी के साथ प्रेम प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज कर लिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

# दिल्ली प्रदर्शन में पहुंचे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग के विरुद्ध वोट चोरी के आरा. ेप प्रेस वार्ता में दिखाने के बाद विपक्षी पार्टी लगातार हमलावार है जिसको लेकर मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर मेरठ जिले से युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मुदब्बिर अली के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में दिल्ली प्रदर्शन में शामिल हुए मुदब्बिर अली ने बताया कि संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवा कांग्रेस ने चुनाव आयोग के कार्यालय का घेराव करने का काम किया आगे कहा कि युवा कांग्रेस सड़क से संसद तक पुरजोर सरकार का विरोध करेंगी। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का जो पर्दाफाश किया उससे भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके से घबरा गई है आखिर बीजेपी चुनाव




आयोग की मिलीभगत का सच कांग्रेस पार्टी देश की जानता के सामने लाने का काम करेगी। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मुदब्बिर अली, अब्दुल कादिर, आरिफ राजपूत, सुमित विकल, रवि कुमार, सरताज अली, ललित कुमार, गौतम सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# नुमाइश निकुंज हाल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से नुमा. इश मैदान स्थित निकुंज हॉल में तिरंगा मेला व प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 अंतुल तेवतिया व डीएम श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर एवं राष्ट्रगान के साथ किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी में भारत के राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, ध्वज संहिता तथा स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहा. सिक प्रसंगों से संबंधित चित्र, पोस्टर एवं मॉडलों को प्रदर्शित



किया गया। साथ ही स्थानीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा तिरंगा थीम पर आकर्षक चार्ट, पेंटिंग, हस्तशिल्प व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहीं। आयोजन स्थल पर विद्यालयों के छात्रों ने प्रदर्शनी के रूप में स्टॉलों को सजाया गया जिसका जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व उपस्थित छात्रों एवं आमजन द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान की महत्ता से अवगत कराया गया तथा उन्हें 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं द्वारा राष्ट्र गीत, देश भक्ति नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगारंग कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। सेल्फी प्वाइंट पर उपस्थित लोगों द्वारा सेल्फी का आनन्द भी लिया गया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 अंतुल ने संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आजादी, एकता और गौरव का प्रतीक है, और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि भारत क्रांतिकारियों की भूमि है। भारत की आजादी के लिए माताओं ने अपने लालों को फांसी पर इसलिए झुला दिया कि सबसे पहले उनके लिए भारत मां है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भारत पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया करता था अब पुन: भी भारत पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगा और पूरा विश्व भारत को गर्व के साथ देख रहा है। हमारे क्रांतिकारी महापुरुषों ने बलिदान दिया है, जो उन्होंने अपनी आंखों में सपने संजोए रखे थे वह हम सबको मिलकर पूरे करने हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको भारत उत्थान के लिए कार्य करना है जिससे भारत पुन: विश्व का मार्गदर्शन कर सके और पुन: भारत विश्व गुरू बने। उन्होंने कहा कि आप बच्चे ही भारत के भविष्य हैं और भारत के भविष्य के लिए कार्य करें। साथ ही उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ जनपद वासियों को आगामी स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई भी दी।

# भाजपा नेताओं ने किया घटना स्थल का दौरा

**कोसी कलाँ।** सोमवार को देर शाम निकाशा पर हुई दर्द नाक घटना ने सभी को झकझोर दिया सुबह होते ही कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ने घटना स्थल का दौरा किया एव घायलों के हाल जाने और हर मदद का आश्वाशन दिया मंगलवार की सुबह कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी एव पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने घटना स्थल का दौरा किया एव घायलों के हालचाल जाने वही प्रतिनिधि ने कहा की पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद की जाएगी उन्होंने बताता की कैबिनेट मंत्री ने रात को ही प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर मृतको को चार चार लाख रुपये घर बनाने के लिए एव जर्जर मकान को तोड़ने के लिए नगद रकम की घोषणा कराई।

# केएम विवि में हर घर तिरंगा-हर दिल में तिरंगा के गूंजे उद्घोष

**मथुरा।** स्वतंत्रता के अमृत काल में "हर घर तिरंगा" अभियान को लेकर कान्हा की जन्मस्थली में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अगस्त को सौंख रोड स्थित पाली डूंगरा केएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रध्वज को सम्मान देने और देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में विवि के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ भाग लिया। साथ ही, मेडीकल छात्रों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर "हर घर तिरंगा" अभियान का समर्थन किया। केएम परिसर और रैली का मार्ग तिरंगा मय हो गया, इसके अतिरिक्त विवि की दीवारों एवं सूचनापटों को तिरंगा प्रेरित कला से सजाया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित विवि के प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल,




कुलसचिव डा. पूरन सिंह व मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करना है। साथ ही यह अभियान हमें हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझने का अवसर भी देता है। मेडीकल छात्रों ने "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", "हर घर तिरंगा-हर दिल में तिरंगा" जैसे नारों से पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। रैली का संचालन सहायक खेल निदेशक डा. आरके शर्मा ने किया। इस अवसर पर विवि के कई प्रोफेसर तथा कई संकायों के डीन मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में भय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले की खुर्जा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों के बीच डर का माहौल है। यहां के लोगों ने कई बार नगर पालिका को शिकायत देकर आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। जिसके बाद भी अभी तक कुत्तों को पकड़वाने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए हैं। आवारा कुत्तों के आतंक से बचाव के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शेल्टर होम में कुत्तों को रखने के लिए निर्देश दिए हैं। आवारा कुत्तों का आतंक खुर्जा नगर पालिका में भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पहासू रोड, शिकारपुर रोड, मंदिर रोड, गांधी रोड, अस्पताल रोड, जंक्शन रोड, सुभाष रोड सहित विभिन्न मार्गों पर लगने वाले बाजार में भी आवारा कुत्ते दिखाई देते हैं। जहां पर लोगों को बाजार से सामान लाने के दौरान उनके हमले का डर बना रहता है। आवारा कुत्ता दिखते ही लोग अपने रास्ते को बदलना पसंद करते हैं। यही आलम मोहल्ला मुरारी नगर, महाराणा प्रताप नगर, चमन विहार, गुलशन विहार, ज्ञान लोक, ख्वेश ज्ञान, खीर खानी सहित विभिन्न मोहल्लों की गलियों में आवारा कुत्ते दिखाई देते हैं। जहां पर अपने रोजमर्रा के कार्यों से रात को घर आने के दौरान लोगों को आवारा कुत्तों के हमले का डर रहता है। कई बार लोगों को कुत्तों ने हमला कर घायल किया है। जिससे लोगों में भय व्याप्त है। पिल्ले के काटने से हुई थी खिलाड़ी की मौत करीब तीन माह पूर्व गांव फराना निवासी क्षेत्रीय कबड्डी खिलाड़ी ब्रजेश सोलंकी ने गांव में नाली से एक कुत्ते के पिल्ले को निकलकर उसकी जान बचाई थी। इसी दौरान पिल्ले ने खिलाड़ी की उंगली में काट लिया था। जिसके बाद खिलाड़ी की तबियत खराब होने लगी। सबसे पहले उंगली में सूजन आना शुरू हुई। खिलाड़ी रोजमर्रा की तरह अपनी कबड्डी की प्रैक्टिस करता रहा। जिसके बाद उसकी तबियत खराब होना शुरू हुई। खिलाड़ी ने तड़पना भी शुरू कर दिया था। बताया जा रहा है कि खिलाड़ी ने हाथ और पैर सुन्न होने की बात कही थी। पीने के लिए दिए जाने वाले पानी से वह डरने लगा था। क्षेत्र के तमाम अस्पतालों में परिजन उपचार के लिए ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# संस्कृति विवि के छठवें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित हुए शोधार्थी

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे चमक उठे। ये डिग्रियां उनके अथक परिश्रम का परिणाम थीं, जो उनके भविष्य का निर्माण करेंगी। समारोह में विभिन्न विषयों में कुल 2045 उपाधियां वितरित की गईं। इस दौरान शोध पूरा करने वाले 20 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गईं। छठे दीक्षांत समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शांभवी विश्वास, शाइली मकूकू, निकिता भदौरिया, मोहिनी कुमारी, मोनिका गोयल, शालू, छवि यादव, करिश्मा गुप्ता, दिव्यांशी वार्ष्णेय, वर्षा अग्रवाल, दर्शिका, शर्मा नंदिनी हरेंद्र, महेश, कुलदीप सिंह, सौरभ, कुमारी अंशिका सिंह चाहर, लक्ष्मी नारायण, शीला कुमारी, तनीषा चाहर, निमिषा स्वरूप, लक्ष्मी, आरती कुमारी, निधि अरविंद, सोनम गौतम, सीजल रोहिल्ला, तृषा शर्मा, कृर्त शिवांग, दिगाला परिमला रानी, मोहिनी कुंतल, प्रिंस, प्रभात कुमार, तेजवीर, आदित्य शर्मा, रामवीर, प्रीति लोधी, सुमित सिंह, प्रत्यक्षा रोहिल्ला, नीतीश यादव, धीरज राजपूत, दीपांशी, इति, वसीम, रोहित, फारूकी मुस्कान अनीस अहमद, कुमारी खुशब, लवली को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा ने मथुरा में शुरू की विशेष स्पाइन सर्जरी ओपीडी

**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने शहर के डॉ. मनीष फिजियोथेरेपी एंड रिहैब क्लिनिक, के सहयोग से स्पाइन एवं डिफॉर्मिटी करेक्शन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत है। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी ने कहा, "रीढ़ से जुड़ी ज्यादातर समस्याओं, विशेषकर पैरों तक फैलने वाले पीठ दर्द का इलाज बिना सर्जरी के ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है। हम आमतौर पर दवाओं, फिजियोथेरेपी, पॉश्चर सुधार, पर्याप्त आराम और रीढ़ पर दबाव कम करने वाले विशेष व्यायाम के संयोजन से




उपचार की शुरुआत करते हैं। यदि मरीज को इससे भी आराम नहीं मिलता, तो एपिड्यूरल इंजेक्शन जैसे लक्षित उपचार पर विचार किया जाता है। अधिकांश मरीज दवा, फिजियोथेरेपी, आराम और व्यायाम से ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ मरीज जिन्हें इन उपचारों से लाभ नहीं होता, उन्हें सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है।

# क्रिप्टोकरंसी में मुनाफे का झांसा दे लाखों ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** नगर क्षेत्र के युवक से साइबर ठगों ने क्रिप्टोकरंसी में मुनाफे का झांसा देकर 4.60 लाख ठग लिए। पीड़ित से 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक की अवधि में अलग-अलग खातों में रुपये जमा कराए गए। साइबर थाना पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना साइबर क्राइम में जहांगीराबाद के गांव सांखनी निवासी नईम अब्बास ने तहरीर देकर बताया कि टेलीग्राम पर साइबर ठगों ने उससे संपर्क किया और क्रिप्टोकरंसी का लालच देकर उससे लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया। आरोपी मनोहर लाल कुमार और शालिनी वेंकाटेशन ने उससे अलग-अलग बैंक खातों में 13 अप्रैल को 7500 रुपये, 12 हजार 500 रुपये, 20 हजार रुपये, 14 अप्रैल को 10 हजार रुपये, 15 अप्रैल को 10 हजार रुपये, 18 अप्रैल को 10 हजार रुपये, 19 अप्रैल को चार बार में 1.70 लाख रुपये जमा कराए। इस तरह उससे कुल 4. 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित के अनुसार जब उसने साइबर ठगों द्वारा बनाए गए खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया तो कोई धनराशि नहीं निकल सकी। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जनपद की तीनों तहसीलो में हर मंगलवार को लगाया जाए विशेष कैंप: डीएम

## जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर राजस्व कार्यो व सीएम डैशबोर्ड कार्यो की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि बड़े बकायेदारों पर विशेष अभियान चलाया जाए। जिन वाहन स्वामियों की आरसी कटी है और जिन पर भारी बकाया है, उनकी चल-अचल संपत्तियों को बैंक खातों सहित सीज़ किया जाए तथा संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की जाए। जनपद की रैंक



सुधारने के लिए सक्रिय प्रयास करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए एक नई पहल की है। अब हर मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बागपत की तीनों तहसीलों बागपत, बड़ौत और खेकड़ा में विशेष कैंप लगाकर अंश निर्धारण से जुड़ी सभी समस्याओं का एक साथ, उसी दिन समाधान किया जाएगा। इस पहल से किसानों को इधर-उधर भटकने और कई बार तहसील के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला. धिकारी ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से किसानों को न तो अलग-अलग तारीख पर आना पड़ेगा, न ही कई विभागों के बीच भागदौड़ करनी पड़ेगी। तीनों तहस. ीलों में अंश निर्धारण का कार्य एक साथ किया जाएगा, जिससे किसानों को पारदर्शी, त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान मिलेगा। धारा 24 की कार्यवाही में आस-पास के किसानों को नोटिस देकर तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को न्यायालय में समय देकर मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। आदेशित फाइलें पोर्टल पर भी अपडेट हों। एक वर्ष से पाँच वर्ष तक लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। आरसीसी डैशबोर्ड को प्रतिदिन देखा जाए। सीएम डैशबोर्ड समीक्षा के दौरान 'डीजी शक्ति' योजना में लैपटॉप व मोबाइल वितरण को लेकर जिलाधिकारी ने डीआईओएस से नाराजगी व्यक्त की। डूडा में आवास-शहरी योजना के पात्र-अपात्र लाभार्थियों की जांच के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर जाकर सुनिश्चित करने को कहा गया। जिन अधिकारियों की जुलाई में रैंक खराब रही, उन्हें चेतावनी दी गई। एसडीएम को फील्ड विजिट के दौरान स्कूल, गौशाला आदि का निरीक्षण करने को कहा गया। तहसील के बड़े बकायेदारों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सीमा स्तंभ का कार्य भी शीघ्र पूरा करने को कहा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) पंकज वर्मा, समस्त एसडीम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 28 देशों से लोगों ने लिखे युवाओं को संबोधित पोस्टकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, माय भारत से जुड़ा उड़ान यूथ क्लब एक विशेष डिजिटल अभियान चला रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं के बीच भरोसा, समझ और एकजुटता का सेतु बनाना है। इस पहल के तहत विश्वभर के 5 महाद्वीपों के 28 देशों से 258 युवाओं ने अपने अनुभव, विचार और प्रेरक संदेश भेजे।

यह अभियान पूरी तरह शून्य बजट और स्वयंसेवी सहयोग पर आधारित है। सोशल मीडिया और डिजिटल तकनीकों के प्रभावशाली उपयोग से इसे सीमित संसाधनों के बावजूद व्यापक स्तर पर पहुँचाया गया। अमन कुमार, जो कि राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित और उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष हैं, बताते हैं, हमारा लक्ष्य केवल संदेश आदान-प्रदान नहीं, बल्कि युवाओं के बीच विश्वास और भाईचारे को बढ़ावा देना है ताकि वे एक बेहतर विश्व का निर्माण कर सकें। अभियान में शामिल संदेशों की भाषाएँ अंग्रेज़ी, हिंदी, फ्रेंच, अरबी, इंडोनेशियाई, कन्नड़, तमिल, सिंधी, ओड़िआ और वियतनामी हैं। ये संदेश भारत, अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नाइजीरिया, वियतनाम, केन्या, ईरान, मलेशिया, युगांडा, सूडान, तिमोर लेस्ते, मेडगास्कर, कैमरून सहित 5 महाद्वीपों के युवाओं द्वारा भेजे गए। उड़ान यूथ क्लब ने अब उन संदेशों का एक विशेष संकलन तैयार करने की योजना बनाई है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय युवा मंचों तक पहुँचाया जाएगा, ताकि यह सकारात्मक संवाद और प्रेरणा आगे भी फैलती रहे।

## विद्युत लाइन का फॉल्ट ठीक कर रहे संविदाकर्मी लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के बावली गांव में बिजली घर पर विद्युत लाइन का फॉल्ट ठीक कर रहे संविदा कर्मी लाइनमैन पंकज की करंट लगने से मौत हो गई।

घटना के समय पंकज शटडाउन लेकर विद्युत पोल पर लाइन की मरम्मत कर रहा था। अचानक लाइन में करंट आने से वह पोल से नीचे गिर गया। मृतक के चाचा सोहन पाल ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से लाइन में करंट छोड़ा गया, जिससे उनके भतीजे की मौत हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने सीएचसी पर मृतक के शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे



मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चार थानों की पुलिस मौके पर तैनात है और परि. जनों को समझाने का प्रयास कर रही है। एसडीओ बड़ौत तृतीय नितिन आनंद ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी कर्मचारी की लाप. रवाही सामने आती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गौशाला में मृत गौवंश और डॉक्टर की लापरवाही उजागर, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव मे बनी गौशाला की एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमे मृत गोवंश और व्यवस्था को उजागर किया गया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों से जांच की मांग की है।

खट्टा प्रहलादपुर में प्रशासन द्वारा एक गोशाला बनाती गयी है जिसमे पशुओं को चारा पानी की सुविधा मुहैया करायच जाती है। वही गोवशों का ख्याल रखा जाता है, लेकिन पिछले काफी समय से गोशाला बदहाल है जिससे लेकर ग्रामीणों ने एक वीडियो बना वायरल की है जिसमे मृत गोवंश को दिखाया गया है। जहा गोशाला में डाक्टर की व्यवस्था तो है, लेकिन दवाईयों का अभाव है। वही जगह जगह मृत गोवशों के अवशेष पड़े



है। कही दम तोड़ती गोवंश है जिससे लेकर वीडियो बना कर वायरल की गयी। वही उच्च अधिकारियों से जांच की मांग भी की गयी है। पिछले दिनो भी खट्टा प्रहलादपुर में पांच गोवंश मृत मिले थे जिसके बाद प्रशासन ने गौशाला की जांच भी करायी थी। दोबारा फिर वीडियो वायरल हुई है।

### एक नजर

## जितेंद्र सिंह गुर्जर ने आईएएस अधिकारी संतोष यादव के पिताजी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के चेयरमैन, ग़ाज़ियाबाद व गौतमबुद्ध नगर के पूर्व ज़िलाधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष व यमुना विकास प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ IAS



अधिकारी संतोष कुमार यादव के पिताजी के स्वर्गवास के बाद उनके गृह जनपद फिरोजाबाद के टुंडला स्थित आवास पर पहुँच कर शोक संवेदना प्रकट की। सपा नेता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि संतोष कुमार यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं जिन्होंने पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन किया है। उनके पिताजी का निधन बेहद दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## न्याय की मांग को लेकर डीएम ऑफिस पहुंची महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र में एक महिला न्याय की मांग कर रही है। महिला ने गांव के एक युवक पर अश्लील हरकतें करने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक उसे गालियां देता था। वह अश्लील हरकतें कर उसे परेशान करता था। महिला ने इस मामले में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी ने पुलिस से मिलकर उल्टा पीड़िता पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। न्याय की आस में पीड़िता अपने पति के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची। उसने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। मामले में कार्रवाई की मांग की। एसडीएम मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

## यमुना नदी में हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा जा रहा पानी, लाखों की फसलें हुई जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पहाड़ो पर हो रही लगातार बारिश से बागपत मे यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है, जिसके बढ़ने से किसानों की फसलें लगातार डूबती जा रही है। पानी पढ़ने से यमुना नदी किनारे कटान भी शुरू हो गया है, जिससे किसान परेशान हैं। जनपद बागपत के शबगा, जागौश, बदरखा, निवाड़ा, गोरिपुर गांव में यमुना नदी पर कटान शुरू हो गया है। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी के अंदर किसानों की फसलें डूबने लगी हैं। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण हथिनी कुंड बैराज में अधिक पानी आ गया है।

इसके बाद यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले तीन दिन से हथिनी कुंड बैराज से यमुना नदी में लगातार कई हजार कलुसेक पानी छोड़ा जा चूका है। सोमवार को भी



यमुना नदी में 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जो मंगलवार तक यमुना नदी में प्रवेश कर गया।

लगातार यमुना नदी में पानी छोड़े जाने से खादर क्षेत्र में पानी फैलता जा रहा है।

यमुना के खादर क्षेत्र में पानी ही पानी हो गया है। यमुना नदी के किनारे खादर क्षेत्र में खड़ी गन्ने, फूलों की खेती, ज्वार, लौकी, करेला, हरी मिर्च, धनिया, टमाटर, पोदीना, बैंगन और गेंदा फूल आदि सब्जियों की फसलें डूबने लगी हैं। जलस्तर बढ़ने से निकटवर्ती गांवों में कटान शुरू हो गया है। इससे टांडा, कुर्डी, नांगल, जागौस, बदरखा, ककौर कला, कोताना और खेड़ी प्रधान आदि गांवों के किसानों की चिंता बढ़ गई है।

किसानों ने बताया कि यमुना नदी में फसल डूबने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानो ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## कभी अपनी आत्मा से सवाल करना और पूछना कि मैं कौन हूं आपको सवाल का जवाब स्वयं मिल जाएगा:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोशल भवन सभागार में मंगलवार को16 कारण भावना पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनि. राज ने कहा सत्य को हमेशा परेशान किया जा सकता है। पराजित नहीं पाप से डरो पापी से नहीं पापी तो कभी भी सुधर सकता है। वर्तमान की सभ्यता आदमी को समाप्ति की ओर ले जा रही है सुंदरता त्याग, नियम, व्रत से आती है। फैशन करने से नहीं विवाह का अर्थ है मन का केंद्रित हो जाना महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कभी अपनी आत्मा से सवाल करना और पूछना कि मैं कौन हूं आपको सवाल का जवाब स्वयं मिल जाएगा। परीक्षा हमेशा सोने की होती है लोहे की नहीं सोनी को ही चेक किया जाता है। लोहे को कभी चेक नहीं किया जाता इसलिए परीक्षा हमेशा धर्मात्मा की होती है। पापी कि नहीं जो धर्म को धारण करते हैं उनको परीक्षा भी देनी होगी उसे परीक्षा से उनको डरना नहीं चाहिए में एचपी पेट्रोल पंप के निद. ेशक मनोज जैन मसाले वाले ने धर्म सभा में सभी श्रद्धालुओं का सहयोग किया। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन मनोज जैन संभोग दिनेश जैन अंकुर जैन सचिन जैन पुनीत जैन अनुराग मोहन आनंद जैन पवन जैन राकेश जैन आदिश जैन आदि ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में अनस खान ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** केरल में आयोजित राष्ट्रीय आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में दोघट कस्बे के अनस खान ने शानदार प्रदर्शन किया। अनस ने राइट हैंड ओपन यूथ केटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। लेफ्ट हैंड केटेगरी में उन्होंने सिल्वर मेडल हासिल किया। महिनुद्दीन के बेटे अनस ने इस प्रदर्शन से सीनियर केटेगरी के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उनका अगला लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना है। दोघट कस्बे में अनस का भव्य स्वागत किया गया। समाज सेवी अशोक कुमार, कमल पंवार, कपिल रुहेला, सुरेश, सुधीर पंवार समेत कई गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें ट्रॉफी भी प्रदान की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## बाइक तिरंगा यात्रा ने बिखेरे देशभक्ति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, बागपत द्वारा देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से वंदना चौक तक एक बाइक तिरंगा यात्रा निक. ाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने किया।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बाइक तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी ने इस बाइक तिरंगा यात्रा के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी। बाइक तिरंगा रैली में देशभक्ति के नारों ने जोश भर दिया। इस यात्रा में जनपद के समस्त प्रांतीय रक्षक दल के जवान एवं युवक मंगल दल के



सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा माहौल देशभक्तिमय कर दिया।

इस आयोजन में युवा कल्याण अधिकारी शिप्रा सिंह, शिवानी त्यागी, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार, जितेन्द्र गिरी, समस्त प्रांतीय रक्षक के जवान एवं युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन के नेतृत्व में युवक मंगल दल के सदस्य शामिल हुए।

## भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर निकाली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** भाजपा के बिनौली मंडल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत बस स्टेट से मुख्य बाजार होते हुए शिव मन्दिर पर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल भाजपाई हाथों में तिरंगे लेकर भारत माता का गुणगान करते हुए चल रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष डा.कुलप्रकाश ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा यह यात्रा सेना के सम्मान में और देश के शहीद वीर सपूतों के सम्मान में निकाली गई है। तिरंगा यात्रा के जिला सह-संयोजक रविन्द्र आर्य ने



कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और समाज में एकता व भाईचारे का संदेशफैलाने की अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष व मंडल यात्रा प्रभारी राजीव धामा, रामबीर सिंह, देवेन्द्र, सुन्दर गुर्जर, कवरपाल, अनिल गुर्जर, वेदपाल आदि मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 30,000 रुपये का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर नांगल गांव में दो वर्ष पूर्व हुई राजीव की हत्या के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। लेनदेन विवाद में राजीव की गला दबाकर हत्या की गई थी। मृतक राजीव के भाई जितेंद्र ने दोघट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में तीन लोगों पर आरोप लगा था। आरोपी ऋषिपाल और प्रीति भगवानपुर नांगल के निवासी हैं। तीसरा आरोपी विक्की बामनोली, थाना दोघट का रहने वाला है। न्यायालय ने 13 गवाहों की गवाही के बाद अपना निर्णय सुनाया। आरोपी ऋषिपाल और प्रीति को आजीवन कारावास के साथ 35,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। विक्की को आजीवन कारावास और 30,000 रुपए का अर्थदंड दिया गया है। एडीजीसी अशोक सैनी ने बताया कि सभी दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने सभी गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर यह फैसला दिया है।

## जिलाध्यक्ष के चाचा व पिता को दी धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सराय मार्ग पर सोमवार रात को राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अर्जुन के चाचा रूपेन्द्र चौधरी और पिता जितेन्द्र चौधरी को चार लोगों ने धमकी दी। आरोपियों ने उन्हें तलवार से काटने और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे समुदाय से हैं। उन्होंने साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुन और उनके साथी पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरो. पियों के धमकी भरे व्यवहार से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार चाहल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर जिलाध्यक्ष अर्जुन, जिला उपाध्यक्ष राजीव चौधरी समेत कई बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्त्री शक्ति योजना के लाभार्थियों के लिए मेगा ऋण संवितरण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, बागपत द्वारा होटल रॉयल स्टेप में स्त्री शक्ति योजना के लाभार्थियों के लिए मेगा ऋण संवितरण शिविर का आयोजन किया गया। 750 लाभार्थियों को साढ़े आठ करोड़ के ऋण दिए गए।

मेगा ऋण संवितरण शिविर का उद्घाटन केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। स्त्री शक्ति योजना के लगभग 1500 से अधिक लाभार्थियों ने इस आयोजन में प्रतिभाग किया। 750 का चयन कर 8.5 करोड़ के ऋण वितरित किये गए। अपने संबोधन में केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार ने कहा कि केनरा बैंक भारत सरकार, राज्य सरकारों एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को लागू



करने में सदैव अग्रणी रहा है। साथ ही बैंक सभी प्रकार के खुदरा ऋण उत्पादों जैसे कि आवास ऋण, वाहन ऋण, संपत्ति पर ऋण, शिक्षा ऋण और अन्य व्यक्तिगत ऋण को किफ़ायती ब्याज दरों पर प्रदान करता रहा है। केनरा बैंक आमजन तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का प्रयास करते हुए देश कि आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दे रहा है। आगरा अंचल के महा प्रबंधक रजनीकान्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि केनरा बैंक सदैव ही आमजन को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। आगरा अंचल के अंतर्गत आने वाले सभी शाखाओं के माध्यम से हम रिटेल, एम एस एम ई, कृषि एवं डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से आमलोगों को सरल एवं सुलभ बैंकिंग सेवा प्रदान कर रहे हैं। केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक भवेन्द्र कुमार ने मेगा ऋण संवितरण शिविर में लगभग 500 से अधिक लाभार्थियों को संवितरण चेक/स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर केनरा बैंक ने भारत सरकार, राज्य सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं और केनरा बैंक के विभिन्न उत्पादों पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर आगरा अंचल के महा प्रबंधक रजनीकान्त, सहायक महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख, बागपत, मिन्हाजुल कमर ज़हां शाखा पबंधक फतेहपुर पुट्टी दिव्य ज्योति मंडल प्रबंधक देवल पारेख, प्रतीक श्रीवास्तव, गौरव मलिक, सचिन कुमार, राकेश कुमार, आदित्यसिंह शाखा प्रबंधक बावली, अभयनाथ आदि उपस्थित रहे।

## राजस्व वसूली में शिथिलता बर्दाश्त नहीं:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धारा 34 में बागपत मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कोई लापरवाही न हो। तहसीलदार व अमीन नियमित भ्रमण करें और बड़े बकायेदारों के नाम व विवरण सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाएं। एआरटीओ बड़े बकायेदारों की सूची प्रदान करें, जिन पर कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग को भी बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश मिले। बड़ौत स्थित जनता वैदिक कॉलेज में 35 लाख की आरसी के चलते बिजली कनेक्शन काटने का आदेश दिया गया। अवैध खनन, बालू-मिट्टी से जुड़ी सूचनाओं के लिए एसडीएम को सूचना तंत्र मजबूत करने और जेसीबी पकड़ अभियान चलाने को कहा गया। अधिकतम प्रवर्तन (एन्फोर्समेंट) सुनिश्चित किया जाए।

**सूचना**

मेरे पुत्र व पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शेरू उर्फ अजय तोमर, अंकुश तोमर व पुत्री मीनू तोमर, सोनी तोमर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। वीरेंद्र सिंह पुत्र बीरबल सिंह निवासी बावली पट्टी मोल्हू तहसील व थाना बडौत जनपद बागपत।

# ठेकेदार से 50 हज़ार की रिश्वत लेते हुए जेई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** मेरठ से आई एंटी करप्शन की टीम ने ठेकेदार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जबकि अवर अभियंता संजय कुमार को छापेमारी की भनक लगते ही वह फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में मेरठ से आई एंटी करप्शन टीम ने छापेमारी की। टीम ने ठेकेदार संदीप कुमार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं अवर अभियंता संजय कुमार को छापेमारी की भनक लगते ही वह फरार हो गए। जानकारी क मुताबिक ठेकेदार संदीप कुमार ने विभाग में 4.50 लाख का काम किया था, जिसमें से उन्हें 3.36 लाख रूपये का भुगतान मिल चुका था। बकाया भुगतान के लिए अवर अभियंता और जूनियर इंजी. नियर उनसे रिश्वत मांग रहे थे। संदीप ने इसकी शिकायत मेरठ स्थित एंटी करप्शन विभाग में की थी। इसके बाद इंस्पेक्टर योगेंद्र धामा के नेतृत्व में टीम बाबूगढ़ पहुंची और लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पर छापेमारी करते हुए टीम ने ठेकेदार संदीप कुमार से 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि ज़िलें में पहले भी एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वतखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है बावजूद इसके रिश्वतखोरी का सिलसिला जारी है।



# अवैध हथियार के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** ऑपरेशन सील अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि ग्राम दरियापुर तिराहे के पास थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध को रोक. कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किया गया संदिग्ध गोल्डी पुत्र सुनील निवासी ग्राम कुराना थाना सिंभावली जनपद हापुड एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिसके खिलाफ जनपद हापुड़, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# भारतीय किसान संगठन ने छिजारसी टोल प्लाजा का किया घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान संगठन ने पिलखुवा के छिजारसी टोल प्लाजा का घेराव किया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ईश्वर त्यागी के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन टोल प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों के साथ लगातार किए जा रहे दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाओं के खिलाफ किया गया।

संगठन ने बताया कि इस संबंध में टोल प्रबंधन को कई बार ज्ञापन और फोन के जरिए सूचित किया गया था लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। राष्ट्रीय महासचिव ईश्वर त्यागी ने कहा कि टोल प्लाजा पर अवैध वसूली और लोगों के साथ अभद्रता की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के चलते आज संगठन ने चेतावनी दी और कार्यकर्ताओं ने कुछ देर के लिए टोल को मुफ्त कर दिया। स्थानीय प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए किसानों को शांत कराया और टोल प्लाजा प्रबंधन के साथ उनकी बातचीत कराई। टोल प्रबंधक, इंदर पाल सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत नहीं आएगी। भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष अजय ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसी कोई समस्या आती है तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर ब्रजपाल ठाकुर, तहसील अध्यक्ष गढ़ शोयब चौधरी, हेमकुमार, रहीसुद्दीन, अशोक, राजेश, शान प्रजा. पति, शारुख अल्फ़ा, रौनक अली, आदेश यादव, अनमोल त्यागी, बबलू प्रधान सिकंदरपुर, अनुज यादव, प्रशांत ठाकुर, बब्बू त्यागी, मुकेश कुमार, मोनू कुमार, पप्पू बहादुरगढ़, शिवम त्यागी, हरेंद्र जाटव, राहुल जाटव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गांव देहरा में जगह–जगह पर किया पौधारोपण का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** हापुड़ के थाना धौलाना के गांव देहरा में एक पेड़ माँ के नाम पर मस्जिद के आसपास सभी जगह जगह पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।
सबसे पहले हाजी दीन मोहब्बत ने जानकारी देते हुए कहा कि बरसात का मौसम चल रहा हैं एक पैड अपने माँ के नाम ज़रूर लगाए जहाँ एक तरफ प्रदूषण फैलती हैं वही प्रदूषण को मुक्त रखने के लिए पर्यावरण तेजी से बढ़ रही हैं और पौधारोपण करना बहुत जरूरी हैं। कारी इसरार रजा ने जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है बरसात का मौसम चल रहा हैं कम से कम हर घर में पौधारोपण करना चाहिए। मोहम्मद अशरफ ने जानकारी देते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति का फर्ज बनता है कि पौधारोपण जरूर करे पृथ्वी की खूबसूरती और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं ताकि हमे स्वास्थ और ताजी हवाओं का आनंद ले सके और जिंदगी खुसहाली बन सके। जाहिद अली ने जानकारी देते हुए कहा कि इस समय बरसात के मौसम चल रहा हैं जहां शहर में प्रदूषण फैलती हैं वही प्रदूषण को मुक्त रखने के लिए पर्यावरण तेजी से बढ़ रही हैं। हर व्यक्ति को अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कम से कम एक पैड अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित हाजी दीन मोहब्बत, कारी इसरार रजा, मोहम्मद अशरफ, यासी चौधरी, जाहिद अली, फारूक नेता जी, अनीस अहमद, फिरोज अहमद शामिल रहे।



# 1.5 लाख की चरस के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर सतेंद्र उर्फ सिकंदर और एक महिला शशि को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1.4 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध चरस लेकर जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने चितौली रोड पर घेराबंदी की। एक संदिग्ध बाइक पर जा रहे सतेंद्र और शशि को रुकने का इशारा किया गया लेकिन उन्होंने भागने की को. शिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चरस के अलावा 5,000 रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद हुई।



आरोपी इस चरस को आसपास के क्षेत्रों में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक सतेंद्र उर्फ सिकंदर पिलखुवा कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हापुड़, गाजियाबाद, और बुलंदशहर में चोरी, डकैती, हत्या, और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों सहित 13 मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद के भोजपुर थाने में उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और चरस के स्रोत के बारे में और जानकारी जुटा रही है।

# पिज्जा कैफे में प्रेमी युगल से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के फ्री गंज रोड पर स्थित एक पिज्जा केफे में प्रेमी युगल के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार एक लड़की के भाई और उसके दोस्तों ने कथित तौर पर एक युवक और उसकी बहन पर हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब युवक और युवती कैफे में बैठकर पिज्जा खा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक युवती का भाई अपने तीन–चार साथियों के साथ वहाँ आया और लोहे की रॉड से युवक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को बाल पकड़कर कैफे से बाहर घसीटा। जब युवती ने बीच–बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया। इस दौरान पिज़्ज़ा कैफे में मौजूद अन्य ग्राहक डरकर बाहर भाग गए। कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और जाँच में जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हालाँकि पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं के तहत कार्रवाई की है और घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर रही है।



## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला युवक का शव, हत्या की आंशका

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की सुबह घर के अंदर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार बहादुरगढ़ क्षेत्र के देहरा रामपुर निवासी 26 वर्षीय राम लखन खेती बाड़ी किया करता था और घर में अकेला ही रहता था। मृतक के दो भाई गाजियाबाद में रहते हैं। मंगलवार सुबह राम लखन का शव घर के अंदर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई। तो वही ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आंशका व्यक्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने की घटना में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि नाबालिक के परि. जनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए दुष्कर्म का मुक. दमा दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रशान्त पुत्र रमेशचन्द निवासी दस्तोई रोड जसरूपनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ को मोदीनगर रोड से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबा. लिग से छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपी को तीन वर्ष का कारावास व 5 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 21 अक्टूबर 2018 को आरोपी त्रिभूवन पुत्र वेदराम निवासी ग्राम गौडी थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी व हाल पता गौशाला पक्का बाग थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर मुकदमा दर्ज किया गया था और 30 मई 2019 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। मंगलवार को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार एवं पैरोकार महिला कांस्टेबल कुसुम व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

### गाली–गलौज के विरोध पर बलकटी से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने बलकटी से हमला कर दिया। घायल को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसको रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव बुकलाना निवासी प्रिंस ने बताया उसके चाचा लोकेश ने शौचालय में पानी डाला तो उसकी बदबू उनके घर तक आई। इसको लेकर उन्होंने अच्छी तरह से साफ करने के लिए कहा। इसी बात से नाराज होकर लोकेश उनके घर पर आया और बलकटी से उस पर और उसके पिता पर हमला कर दिया। पीड़ित घायलों को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चितौली रोड पर हुए सड़क हादसे में 40 वर्षीय गुफरान की मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार रात को उस समय हुई जब गुफरान अपने बेटे फरहान के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय गुफरान अपने बेटे फरहान के साथ अपने घर लौट रहे थे तभी चितौली रोड पर गुफरान की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फ़िसल गई। इस हादसे में गुफरान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनका बेटा फरहान सुरक्षित बच गया। फरहान ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, और गुफरान को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुफरान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बाइक के फिसलने से हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है, जिसमें सड़क की स्थिति और अन्य संभावित कारणों का पता लगाया जाएगा। गुफरान, जो रामपुर रोड पर वेल्डिंग का काम करते थे उनकी असामयिक मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मृत्यु के सटीक कारण की पुष्टि हो सके।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद हापुड़ में सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं का प्रदर्शन किया गया। जिसमें डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान शहीदों की माताओं और पत्नियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहीदों और उनके परिवारों का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारियों, जनप्रति. निधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मंच से शहर घर तिरंगाश अभियान को सफल बनाने और देश की एकता व अखंडता के लिए योगदान देने का संकल्प भी लिया गया।



# जिला संयुक्त चिकित्सालय में लगाया गया जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी हापुड़ द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय दस्तोंई रोड हापुड़ में जिला संयुक्त चिकित्सालय की अधीक्षिका डा. हेमलता सिंह की अध्यक्षता में एक सघन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिला क्षय रोग अधिकारी डा राजेश सिंह द्वारा शि. विर में आए सभी लोगों को एड्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर12 अगस्त 2025 से अग्रिम दो माह की अवधि में 150 ग्राम पंचायत स्तरीय बैठक, 2250 डोर टू डोर,10 महाविद्यालय,30 स्कूल आउट रिच प्रोग्राम 1रैली 2 लोक कला कार्यकर्म आदि कार्यक्रम करने की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं के विषय में आम जनमानस को बताया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी ने आयोजित शिविर में जाकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार गौतम, संगीता रानी, काउं. सलर कमलदीप, काउंसलर अशोक कुमार, लैब टेक्नीशियन विपिन कुमार, लैब टेक्नीशियन शैली रीना, प्रीति आदि लोग उपस्थित रहे।



# जन्माष्टमी पर व्रत की तिथि को लेकर विद्वानों ने रखा मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने इस वर्ष जन्माष्टमी के व्रत को लेकर उत्पन्न संशय को दूर करने के लिए निर्णय दिया है, क्योंकि इस बार रोहिणी नक्षत्र का क्षय हो रहा है।

15 अगस्त को व्रत रखना शास्त्र सम्मत है। इस दिन अर्धरात्रि में अष्टमी तिथि व्याप्त है। नक्षत्र को प्रधान मानने वाले भक्तों के लिए 16 अगस्त को पूजन कर जन्मोत्सव मनाएंगे। 15 अगस्त को रात्रि 11:50 बजे से शुरू होकर 16 अगस्त को रात्रि 9:34 बजे तक रहेगी। रोहिणी नक्षत्र 17 अगस्त को सुबह 4:38 बजे से शुरू होगा। निर्णय सिंधु के अनुसार यदि जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि के साथ दिन या रात में रोहिणी नक्षत्र का एक अंश भी न हो, तो चंद्रोदय से युक्त अष्टमी की रात्रि में व्रत करना चाहिए। 15 अगस्त को रात्रि 10:44 बजे चंद्रोदय होगा, जबकि 16 अगस्त को अष्टमी तिथि चंद्रा. ेदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। इस कारण 15 अगस्त को व्रत करना उचित है। माधवीय मत के अनुसार जन्माष्टमी एक मध्यरात्रि निशीथकाल पर्व है। यदि आधी रात के बाद एक घड़ी 24 मिनट भी अष्टमी तिथि प्राप्त हो तो उसे ही ग्रहण करना चाहिए। 15 अगस्त को अष्टमी तिथि अर्धरात्रि में व्याप्त है। भगवान श्री कृष्ण का जन्म अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में बुधवार के दिन मध्यरात्रि को हुआ था। इस बार केवल अष्टमी तिथि का संयोग ही रात्रि में बन रहा है। जन्माष्टमी के दिन भगवान कृष्ण के बालरूप का पूजन करें। उन्हें मोरपंख युक्त मुकुट, बांसुरी और मिश्री युक्त माखन का भोग लगाएं। पीले और नीले रंग के वस्त्र और तुलसी पत्र भी अर्पित करें। कई मंदिरों जैसे राधाभल्लभ मंदिर में 15 और 16 दोनों दिन पूजन किया जाएगा। निर्णय में परामर्श मंडल विद्वान पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल, मंत्री आचार्य देवी प्रसाद तिवारी, समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय, मिडिया प्रभारी एस्ट्रो धर्मेन्द्र बंसल, प्रवक्ता पंडित आशीष पोखरियाल, पंडित गौरव कौशिक आदि विद्वान सम्मिलित रहे।



# स्वतंत्रता सेनानियों की वीर वधुओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हर घर तिरंगा अभियान के तृतीय दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों की वीर वधुओं को जिलाधिकारी अभिषेक पांडे, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, व जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पुठियाद्वारा सम्मानित किया गया। जिससे समस्त वातावरण देश प्रेम की भावना से भर गया तथा भारत माता की जय के उद्घोष लगने लगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ। जिस खुशी और उत्साह का माहौल बन गया दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा इतनी सुंदर योग की प्रस्तुति दी गई जो अकल्पनीय थी। सभी विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया जिससे वातावरण हर्ष और गर्व से भर गया। कार्यक्रम का संचालन एस एस वी डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डा. वंदना वशिष्ठ ने किया। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देते हैं अपितु उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ते हैं ,उन्होंने साथ ही यह भी ऐलान किया 15 अगस्त के दिन सभी विद्यालय व बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करें तथा जो प्रथम स्थान प्राप्त करेगा उसे 25000 तथा द्वितीय स्थान को 15000 तथा तृतीय स्थान को 10000 दिए जाएंगे। जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर ने छात्र-छात्राओं से अपील की हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी अपने घरों में तिरंगा लहराएंगे। मुख्य विकास अधिकारी व नगर पालिका के अधिशासी अभियंता संजय कुमार मिश्रा ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया।




## ऑटो में लिफ्ट देकर महिला के साथ किया लूट करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी महिला को ऑटो में लिफ्ट देकर लूट का प्रयास किया। विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उसको सड़क पर फेंक दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी विमलेश ने बताया कि नौ अगस्त को वह गढ़ से अपने गांव के लिए जा रही थी। स्याना चौपले के निकट पहुंचने पर पीछे से आए ऑटो चालक ने उसको लिफ्ट देकर गांव में उतारने की बात कहीं। उससे पहले अन्य तीन लोग भी उसमे सवार थे। रास्ते में पहुंचने पर उसके साथ आरो. पियों ने लूटपाट का प्रयास किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसको सड़क किनारे फेंक दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी जैना ने बताया कि उसके पड़ोसी प्रतिदिन रात को चोर-चोर कहते हुए लोगों को परेशान करने का काम करते है। पीड़िता ने बताया कि उसने सोमवार को उनसे ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज की, विरोध करने पर आरोपियों ने अभद्रता करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरों ने किए लाखों के जेवरात चोरी

**बुलंदशहर।** नगर क्षेत्र में चांदपुर रोड स्थित एक घर से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिए। नगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नगर कोतवाली में चांदपुर रोड निवासी सविता राणा ने तहरीर देकर बताया कि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और घर पर अकेले रहते हैं। आरोप है कि सोमवार की देर रात चोरों ने उनके घर में घुसकर करीब तीन लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। साथ ही चार हजार रुपये की नकदी भी चुरा ले गए हैं। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उधर नगर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऑक्सीजन न मिलने से बच्चे की हुई मौत के मामले में चार सदस्य टीम करेगी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली के गांव बक्सर में स्थित पीएचसी पर जन्म के बाद बच्चे को आक्सीजन न मिलने से मौत होने के मामले में उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया। मामले में चार सदस्यों की टीम बनाई गई है। हालांकि अभी तक की जांच में बच्चे की मौत मेरठ के अस्पताल में होना पाया गया है, अब गठित टीम द्वारा जांच किए जाने के बाद उनसे मिलने वाली रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गांव बक्सर निवासी मोनू की पत्नी भूरी को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। करीब दो घंटे के बाद महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स ने बच्ची को एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर करने की बात कहीं, तो परिजन बच्ची को स्वयं मेरठ के अस्पताल के लेकर चले गए। मेरठ के अस्पताल में बच्ची की मौत हो गई। परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाहीं का आरोप लगाया। मामले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों ने चार सदस्य टीम का गठन कर मामले की गहनता से जांच करने के आदेश दिए गए। वहीं मंगलवार को सीखेड़ा सीएचसी प्रभारी अमित बैसला ने भी अस्पताल पहुंच कर जांच की , हालांकि उनको मौके पर आक्सीजन सिलेंडर भरे हुए मिले है और स्टाफ नर्स द्वारा बताया गया है कि बच्ची के परिजन स्वयं बच्ची को प्राइवेट अस्पताल लें गए थे, जबकि उनको सरकारी एबुलेंस से भेजने के लिए कहा गया था। अमित बैसला ने बताया कि चार सदस्य टीम द्वारा दोनों पक्षों के ब्यान दर्ज कर सच्चाई सामने आने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

## महिला ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी जैना ने बताया कि उसके पड़ोसी प्रतिदिन रात को चोर-चोर कहते हुए लोगों को परेशान करने का काम करते है। पीड़िता ने बताया कि उसने सोमवार को उनसे ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज की, विरोध करने पर आरोपियों ने अभद्रता करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के नेतृत्व में सैकड़ो से अधिक ट्रैक्टर और कई सो वाहनों के साथ हापुड में निकली गाई ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा तातारपुर चौराहे से ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा का किसानों ने प्रारंभ कि तहसील चौपले पर स्थिर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण किया।

किसान ट्रैक्टर यात्रा का शहर में अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग सामाजिक संगठनों ने लोगों ने फूल वर्षा करके स्वागत किया। पुरी यात्रा में वंदे मातरम ,भारत माता की जय के नारे का जय घोष हो रहा था हरीश हूणने बताया सभी धर्म, सभी जाति वर्ग के लोगों ने किसान ट्रैक्टर यात्रा में भाग लिया और कहा हम सबसे पहले हिंदुस्तानी हैं। राष्ट्रिय अध्यक्ष देवेन्द्र बाना ने कहा स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है और इससे बड़ा कोई उत्सव नहीं होता राष्ट्र के उत्सव में किसान अपनी सहभागिता और अपनी ज़िम्मेदारी गर्व से निभाता है। पुलिस प्रशासन की सत्कार्ता में यात्रा अनुशासन और शांति प्रिय रूप से सम्पन्न हुई किसान ट्रैक्टर यात्रा में कई दर्जन से अधिक गांव के किसान ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए। किसानों ने हर घर तिरंगा योजना की सराहना की यात्रा में शामिल प्रदेश प्रभारी अभिषेक तेवतिया और प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय यादव ने किसानों की तिरंगा यात्रा में अनुशासन की सरहना की। यात्रा में शामिल रहे पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत लाडपुर ने कहा किसान के लिए देश सबसे पहले हैं।



# संस्कृति विवि दीक्षांत समारोह में 2025 विद्यार्थियों को मिली डिग्रीशिक्षाविद् डा. जेसी चौधरी और फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा मानद् उपाधि से सम्मानित



**मथुरा।** संस्कृति विवि का छठवां दीक्षांत समारोह संतों की उपस्थिति में भव्य और दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप प्राप्त फल के रूप में उनको पदक और उपाधियां प्रदान की गईं। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रीयगान की परंपरा को पूर्ण करते हुए दीक्षांत समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह के दौरान संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा आकाश इंस्टीट्यूट के संस्थापक, ख्यातिप्राप्त शिक्षक, न्यूमरोलॉजिस्ट डा. जेसी चौधरी और बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार, कवि, लेखक और वक्ता आशुतोष राणा को मानद उपाधि से विभूषित किया। समारोह में लगभग 2045 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही 20 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री से विभूषित किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने अपने गुरुजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि तीन चीजों से एक इंसान को सदैव बच कर रहना चाहिए, आदि, व्याधि और उपाधि क्योंकि बाकी दोनों का इलाज हो सकता है पर उपाधि का घमंड अगर हो जाये तो उसका इलाज नहीं है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़ौत (बागपत)

पत्रांक: 327/2025-26/मुख्य कार्यालय

दिनांक-06-08-2025

## अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बडौत के पंजीकृत ठेकेदारो / आपूर्तिकर्ताओ / विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड सें निम्न कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये दिनांक 19-08-2025 को समय सांय 3:00 बजे तक निविदायें आंमत्रित की जाती है। दिनांक 18-08-2025 को प्रात: 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक निविदा प्रपत्र नगर पालिका के प्रकाश विभाग में बेचे जायेगे। दिनांक 19-08-2025 की सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएँ खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदया / अधोहस्ताक्षरी मे निहीत होगा। निविदा हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि (EMD) एवं निविदा मूल्य का शुल्क ऑनलाईन पालिका के निविदा A/C No-0042000101044060 IFSC CODE- PUNB0004200 में जमा किया जायेगा। उक्त ऑनलाईन ट्रांजैक्शन की स्लिप/प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी ई-निविदा के साथ करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा पर धरोहर राशि (EMD) के बिना विचार नहीं किया जायेगा। किन्ही कारणवंश उक्त तिथि में अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस माना जायेगा। निविदा की नियम व शर्ते तथा निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य भी कार्यदिवस में नगर पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है:-

| क्र. स. | कार्य का नाम | मद का नाम | आंगणन धनराशि (GST रहित) | धरोहर राशि (10 प्रतिशत) | निविदा मूल्य +18 प्रतिशत (GST रहित) | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रकाश विभाग में प्रकाश सामग्री की क्रयदारी | राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड | 489910 | 48991 | 490+88 | 07 दिन |
| 2 | 90 वाट की एल.ई.ली. के लिए 330 नग एम.सी.पी.सी.बी.एंव ड्राईवर की क्रयदारी | राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड | 495000 | 49500 | 495+81 | 07 दिन |

**(मनोज कुमार रस्तोगी)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बड़ौत**

**(बबीता तोमर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बड़ौत**


## एक नजर

### खेलते हुए बच्चों के अपहरण करने का प्रयास किया, ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ा, दूसरा बाइक लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली कस्बा स्थित कासिम कालोनी में घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों को बाइक सवार दो लोगों ने अपहरण का प्रयास किया। शोर सुनकर आए लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया, हालांकि एक आरोपी बाइक लेकर भाग गया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता निशा ने बताया कि मंगलवार की शाम को उसका बेटा शहजाद पड़ोसी आरिश अली के साथ खेल रहे थे। तभी बाइक सवार दो लोग वहां आए और दोनों बच्चों को जबरन बाइक पर बैठाकर अपहरण का प्रयास किया। बच्चों ने शोर मचाया तो आरोपी उनको छोड़ कर भागने लगे। तभी पीछा करते हुए एक आरोपी को आस पास के लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। हालांकि दूसरा बाइक सवार युवक भाग गया। आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पति पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला जैन गली निवासी प्राची ने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ पिटाई करता है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व उसके पति ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोपी ने उसको फिर से पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली के गांव मुरादपुर निवासी वाजिद ने बताया कि उसने अपनी बेटी सानिया की शादी गढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवक से की थी। शादी के बाद से उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। बेटी ने उनको मामले की जानकारी दी तो दोनों पक्ष के गण मान्य लोगों की बैठक की गई, बैठक के बाद मामला शांत हुआ।

# सैकड़ों भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने की भावना जगाने के लिए मंगलवार को पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल कैबिनेट मन्त्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी के नेतृत्व में भाजपा ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा अभियान के तहत भाजपाइयों ने नारेबाजी करते हुए लोगों को झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। शाम करीब 4 बजे भरत मिलाप चौक पर भाजपाई एकत्र हुए। हाथों में तिरंगा झंडा और प्लेकार्ड लेकर कार्यकर्ताओं ने भारत माता के उद्घोष वन्दे मातरम के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते ही नगर पालिका प्रांगण में समाप्त हुई। नेतृत्व कर रहे कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधधि नरदेव चौधरी ने कहा कि तिरंगा अभियान भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। नगर पालि. का चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार देश हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। एक ओर विपक्ष संविधान की प्रति लेकर उसे खत्म करने पर आमादा है तो वहीं मोदी सरकार में संविधान के तहत कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा एकमात्र देशहित में कार्य करने वाली पार्टी है। वरिष्ठ नेता कमल किशोर वाष्णेय ने कहा की पार्टी द्वारा पूरे देश मे तिरँगा यात्रा निकलने से देश वासियो में देश भक्ति की भावना और अधिक जागरुक हो रही है तिरंगा यात्रा का कई स्थानों पर क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत किया।कमल किशोर वाष्णेय , डॉ अमरसिंह पोनियां, आरएन भारद्वाज, कन्हैया लाल गोयल, सतवीर सांगवान गोपाल शर्मा, सतीश, सौरभ, दीपक, नेमचंद, डा. प्रकाश आर्य आदि थे।

# नगर आयुक्त ने किया श्री कृष्ण जन्मभूमि के आसपास क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत, नगर आयुक्त जग प्रवेश ने आज श्री कृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षणकिया।निरीक्षण का क्रम पोतरा कुंड, गेट नंबर 1, गेट नंबर 2 से होते हुए गेट नंबर 3 तथा जुड़ी हुई गलियों तक जारी रहा। इस दौरान सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, निर्माण कार्य, प्रकाश व्यवस्था आदि समस्त तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रिक्त दीवारों पर श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित वॉल पेंटिंग कर सौंदर्य बढ़ाने हेतु मुख्य अभियंता निर्माण को निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर पाए गए अस्थाई अतिक्रमण को तत्काल हटाने और नियमित अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे क्षेत्र में उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शुद्ध पेयजल के लिए पानी के टैंकर तथा शौचालय हेतु मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि जन्माष्टमी पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं का आगमन अपेक्षित है।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत बालैनी वि.खं पिलाना (बागपत)

**पत्रांक: मीमो /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६**

**दिनांक**-12.08.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्राण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-16.06.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 16.06.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | आमन्त्रण की तिथि | निविदा खुलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि./ कें. वि. | मनकीर वाले कुए से कृष्णपाल के मकान तक सी.सी.रोड़ कार्य। | 372151 | 400 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |
| 2 | रा.वि./ कें. वि. | सतीश से आश्रम तक नाली निर्माण कार्य। | 195000 | 200 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |
| 3 | रा.वि./ कें. वि. | ओमवीर से शिवराज तक सी.सी व साईड दिवार निर्माण कार्य। | 120000 | 100 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |
| 4 | रा.वि./ कें. वि. | मेरठ रोड से शमशान घाट वाले रास्ते पर सी.सी.कार्य। | 274822 | 300 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |
| 5 | रा.वि./ कें. वि. | कालू लुहार से चौराहे तक सी.सी.रोड कार्य। | 150451 | 150 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |
| 6 | रा.वि./ कें. वि. | स्कूल में कार्य। | 200000 | 200 | 10% | 13.08.2025 | 18.08.2025 |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधन**
**ग्राम पंचायत बालैनी**
**विकास खण्ड-पिलाना (बागपत)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बालैनी**
**विकास खण्ड-पिलाना (बागपत)**

# सीतारामपुर गांव के जंगल में तेंदुए ने किया गाय का शिकार ग्रामीणों में दहशत



शिकार के बाद मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम और ग्रामीण।



सीतारामपुर के जंगल में तेंदुए का शिकार हुई मृत्य पड़ी गाय।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के सीतारामपुर के जंगल में तेंदुए ने आवारा छुट्टा गाय का शिकार कर लिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई ग्रामीणों ने अपने बच्चो जानवरो व महिलाओ को खेतो पर भेजना बन्द कर दिया है गांव के नजदीक खाली पड़े खेत में तेंदुए के निशान पाए गए हैं।

सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया है। और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

सोमवार की रात्रि सीतारामपुर गांव में सोनू पुत्र अमर सिंह के खाली पड़े खेत में जो आबादी के निकट है तेंदुए ने आवारा छुट्टा गाय को अपना निवाला बना लिया सुबह ग्रामीणों ने जब गाय को इस स्थिति में देखा तो उनके होश उड़ गए और गाय के आसपास खेत में तेंदुए के पद चिन्ह पाए गए इस मामले की सूचना वन विभाग को दी गई सूचना पाकर वन विभाग के दरोगा गौरव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और पदचिन्हों की जांच की।

वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की हिदायत की है। उधर इस घटना को लेकर ग्राम प्रधान पति राजू सैनी समेत तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने तेंदुए का शिकार हुई गाय को गड्ढा खोदकर दफन कर दिया है। ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने अपने बच्चो व महिलाओ को खेतो पर भेजना बन्द कर दिया वही ग्रामीणो ने वन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग की है।

# राणा शुगर मील के अधिकारियों ने किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** मंगलबार को गन्ना बिभाग एवं राना शुगर ग्रुप के अधिकारियो द्वारा बाढ़ग्रस्त गन्ना क्षेत्र का भृमण किया गया।भृमण के दौरान गन्ना समिति रामपुर के चौयरमैन विवेक पांडेय ने किसानो से गन्ने की शीघ्र बंधाई करने का आग्रह किया एवं बाढ़ग्रस्त गन्ने मे अगर रोग आता है तो किसान अति शीघ्र कीटनाशक का उपयोग करें।इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी गन्ना समिति के सचिब कृष्ण गोपाल गौतम राना शुगर ग्रुप के बाईस प्रेसिडेंट अमर शर्मा उप गन्ना



प्रबंधन अनुज आर्य अनुभव शर्मा शिवौतार यादव इरशाद अन्सारी छोटे अन्सारी श्रीराम सुपरवाइजर संजीव सुपरवाइजर आदि रहे।

# सैजनी नदी में नवयुवक के डूबने की सूचना पर प्रशासन पहुंचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** तहसील के ग्राम हलूनागर गांव निवासी गिरधारी लाल का पुत्र विमल 16 वर्ष पशु चराने के लिए गांव के सैजनी नदी के पास गया था।

परिजनों ने बताया कि वह विमल पशु चराने के लिए गया था और पिता. जी खेत में ही खाद डालने का कार्य कर रहे थे उनका पुत्र विमल सैजनी नदी में किसी तरह चला गया और डूब गया। इसकी सूचना उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया को मिली उन्होंने तुरंत तहसीलदार सीमा गंगवार को घटना स्थल पर भेजा गया स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी ढूंढने का प्रयास किया गया समाचार लेकर जाने तक कोई भी सफलता नहीं मिली।

# भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब देशभक्ति के नारों से गूंजा मिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मिलक, रामपुर द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

हाथों में तिरंगा और होंठों पर वन्दे मातरम् तथा भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया।

यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार जी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन दीक्षा गंगवार जी रहीं। कार्यक्रम में



भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विशेष रूप से उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रेमशंकर पाण्डेय, सुरेश गंगवार, मुन्नी देवी गंगवार, जिला मंत्री प्रदीप जाटव, नगर अध्यक्ष ममता अत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, मण्डल महामंत्री विजयपाल राजपूत, नन्हे राम पाण्डेय, सरदार सिंह, डा. राम बहादुर, राजीव गंगवार, चेतन स्वरूप, सांईया सक्सेना, मुकेश पटेल, शुशील दिवाकर, शुभम गंग. वार, तरुण सागर, सत्यवीर सागर, तुलसीराम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के गीतों, नारों और तिरंगे की शान में उमंग व उत्साह देखते ही बन रहा था। यह क्षण सभी के लिए गर्व, ऊर्जा और एकता का अद्वितीय अनुभव बन गया।

# भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत यह यात्रा देश भक्ति का संदेश देती है।यात्रा की मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी रही यह यात्रा तहसील से शुरू होकर इंटर कालेज पर समाप्त हुई। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर ,जिला मंत्री महेंद्र सैनी, लक्ष्मी कांत सैनी, प्रेम सिंह सैनी, दिलीप अरोडा एडवोकेट, अमित सक्सेना, हरीश मौर्य अमित चन्द्रा, प्रशान्त शर्मा, मुकुट लाल, नोबत सिंह, आरती, राजेश कुमार शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, सोरेन सिंह, रामावतार दिवाकर, विनेश कुमार मौर्य, सुरेश कुमार हरि सिंह,पंडित प्रशांत कुमार शर्मा, आकाश सैनी सहित हजारों की तहदाद में लोग मौजूद रहे।

# किसानों की बैंक सम्बन्धित समस्याओं को लेकर किसानों ने सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा अपनी टीम के कुछ लोग लेकर विकास भवन पहुंचे और लीड बैंक अधिकारी से बात की जिसमें बैंकों द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद कराया जाए। जिस कारण किसान की स्थिति खराब होती जा रही है बैंकों में बैठे क्षेत्रीय अधिकारी किसानों के साथ मनमानी कर रहे ऐसा ही एक मामला चमरौआ पंजाब नेशनल का सामने आया जिसमें मैनेजर ग्रामीण लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

क्षेत्र की समस्याएं उठाकर लीड बैंक अधिकारी को दी गई बात करते हुए जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा राष्ट्रीय किसान मजदूर



संगठन किसानों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि सही समय पर किसानों के कार्य नहीं करें गए तो जो सुविधा सरकार द्वारा किसानों तक नहीं पहुंच पाते हैं। उसकी शिकायत हम आगे जिलाधिकारी को देंगे यदि सरकार के आदेश अनुसार जिले की कोई भी शाखा की ब्रांच किसानों का उत्पीड़न करेगी तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि इन शिकायतों का असर नहीं हुआ तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन अपने साथियों के साथ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर रहेगी। जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने यह बात कह कर उन्हें शिकायत दर्ज कराई यदि इसका समाधान सभी ब्रांच में जल्दी हो जाना चाहिए।

### सैफनी में प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर

# जोगिंदर यादव ने फीता काट कर रासलीला का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर मंगलवार को रासलीला का हुआ शुभारंभ जिसमें रासलीला के मुख्य अतिथि बजरंगदल के विभाग संयोजक जोगेंद्र यादव ने फीता काटकर किया शुभारंभ उसके उपरांत आचार्य नितिन भारद्वाज ने वैदिक मंत्रों द्वारा थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा पूजन कराया रासल. ीला आयोजक आचार्य विवेक वशिष्ठ, गौरव भटनागर,शोभित शर्मा, त्रिमल सैनी, मास्टर नरेश शर्मा,बादाम सिंह,रामोतार सैनी,बोबी यादव,टिंकू यादव आदि उपस्थित रहे।

# टाण्डा क्षेत्र में अवैध बालू खनन के मामले की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** टाण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम दढियाल एहतमाली में अवैध बालू खनन का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। तहसीलदार टाण्डा की 11 अगस्त की आख्या के आधार पर, ग्राम दढियाल एहतमाली की गाटा संख्या 59, 60, और 96 में अवैध रूप से 424 घनमीटर बालू का खनन किया गया, जिससे राजस्व और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंची है। इस मामले में पुलिस ने खान अधिकारी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहसीलदार टाण्डा की आख्या के अनुसार, गाटा संख्या 96 (रकबा 0. 8490 हेक्टेयर) पर मौ. उमर खां पुत्र अशफाक अली खां के नाम दर्ज भूमि से 200 घनमीटर बालू का अवैध खनन किया गया। गाटा संख्या 60 (रकबा 0.315 हेक्टेयर) पर दयावती पत्नी राजेंद्र सिंह और हमशीरन पत्नी शफी अहमद के नाम दर्ज भूमि से 64 घनमीटर बालू निकाला गया। इसके अतिरिक्त, गाटा संख्या 59 (रकबा 1.170 हेक्टेयर) पर गोलवती पत्नी विजय सिंह के नाम दर्ज भूमि से 160 घनमीटर बालू का अवैध खनन हुआ। आख्या में बताया गया कि उक्त भूमियों के मालिकों ने अपनी सहमति से शहीद उर्फ नन्हे पुत्र छोटे, निवासी दढियाल एहतमाली, को खनन की अनुमति दी, जिसके परिणामस्वरूप यह अवैध कार्य किया गया। स्थानीय निवासियों शब्बू खां, मौ. उमर, उसमान, और वीरेंद्र सिंह चौहान के लिखित बयानों में भी इसकी पुष्टि हुई है। बयानों के अनुसार, शहीद उर्फ नन्हे द्वारा रात के अंधेरे में यह अवैध खनन किया जाता था। स्थलीय निरीक्षण में भी गाटा संख्या 59, 60, और 96 में अवैध खनन की पुष्टि हुई। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार, उक्त गाटाओं में वर्तमान में कोई खनन अनुज्ञा पत्र जारी नहीं किया गया है। इस कारण यह खनन कार्य अवैध माना गया,जो दंडनीय अपराध है।

खान अधिकारी की शिकायत पर टाण्डा पुलिस ने शहीद उर्फ नन्हे पुत्र छोटे सहित अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना फसल में जलभराव एवं कीट रोग जैसी समस्या पर कंट्रोल रूम या गन्ना विभाग के अधिकारियों से करें सम्पर्क

### जिला गन्ना अधिकारी ने तहसील बिलासपुर के गन्ना प्लाटों का किया भ्रमण, किसानों को गन्ने के गिरने से होने वाले नुकसान व बचने के उपाय बताए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्या ने जनपद की तहसील बिलासपुर के ग्राम करसौली खुर्द एवं खाता में प्रधान प्रबन्धक रूद्र बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., के साथ गन्ना प्लाटों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान मौके पर मौजूद कृषकों को काफी मात्रा में हुयी वर्षा से प्लाटों में जलभराव एवं गन्ने के गिरने से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया और उससे बचने के उपाय बताये।

उन्होंने कृषकों को बताया कि जिन खेतों में लगातार बारिश के कारण पानी भर गया है और आसपास में जल निकासी संभव है, उनमें जल निकासी के तत्काल प्रयास करें, लगातार बारिश से मिट्टी के मुलायम होने एवं हवा के प्रभाव से जिन क्षेत्रों में गन्ना गिर गया है या गिरने की संभावना है, उन क्षेत्रों में गन्ना के गिरने के 24 घन्टे के अन्दर पुन: खड़ा करके बंधाई कराने के प्रयास करें एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई में नुकसान की ज्यादा संभावना को देखते हुए



खेत से पानी उतरने के बाद इसमें कार्बन्डाजिम या थायोफिनेट मिथाइल 01 ली. तथा एन.पी.के. 05 कि. ग्रा. से 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करने से पौधे की बढ़वार बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि सचिव, सहक. ारी गन्ना विकास समिति लि., बिलासपुर के द्वारा अध्यक्ष गन्ना समिति बिलासपुर के साथ ग्राम अलवानगला, सरदरपुर, गोदी एवं रूस्तमपुर तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के द्वारा करीमगंज चीनी मिल के ग्राम मसूरपुर हाजीनगर, चिकना एवं सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. के द्वारा ग्राम सद्दीकनगर, छितौनी, ताजपुर लखन, रायपुर-किशनपुर व ललवारा का भ्रमण कर कृषकों को जागृत किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में किन्हीं कीट रोग का कोई प्रभाव प्रकाश में नहीं आया। कृषकों को अवगत कराया कि किन्हीं गन्ना फसल में कोई जलभराव एवं कीटरोग आदि की समस्या प्रकाश में आये तो तत्काल विभाग द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम, सम्बन्धित सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सम्बन्धित चीनी मिलकर्मी अथवा जिला गन्ना अधिकारी को अवगत करायें।

# नए ललबारे में टेम्पो की चपेट मे आकर किशोरी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** मंगलवार को क्षेत्र के नया ललबारा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक टेम्पो को खेल खेल में बच्चों ने दौड़ा दिया।

जानकारी के अनुसार लालबारा गांव निवासी कुव मीनाक्षी पुत्री धर्मपाल उम्र 17 वर्ष अपने घर के पास ही खड़ी थी। जहां पर टेम्पो भी खड़ा था। जिसमें बच्चे खेल रहे थे। खेल खेल में किसी बच्चे ने टेम्पो की चाबी घुमा दी टेम्पो चल पड़ा। उसी दौरान टेम्पो की चपेट में आकर मीनाक्षी घायल हो गई।

चारों और चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायल किशोरी को उठा कर परिजन निजी अस्पताल ले गए। उसी दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी



की माता का पहले ही देहांत हो चुका है।

पिता कमाने के लिया बाहर गए हुए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक का पोस्ट मार्टम कराने से परिजनो ने इंकार कर दिया।

# उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी समीपवर्ती क्षेत्र से अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** जनपद रामपुर में वर्ल्ड फ्लू को लेकर उधम सिंह नगर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी ने यूपी से अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। यूपी के सीमावर्ती चेक पोस्टों पर निगरानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम आयोजित बैठक में उन्होंने जिले भर के अधिकारियों को निर्देशित किया है की बिलासपुर रामपुर में वर्ल्ड फ्लू के मद्देनजर यूपी से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर समेत आसपास के जिलों में अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए रोक लगाई जाती है और उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है की यूपी से सटी सीमा बरती



चौकियों पर निगरानी रखी जाए और किसी भी हालत में परिवहन ना हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवेश सासनी, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुब मिश्र, यूपी जिला अधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े रहे।

# ईओ ने निर्माणाधीन मार्गों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंगलवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने जेई अभिनेष तिवारी के साथ नगर वार्ड नंबर 3,18 और 17 में निर्माणाधीन मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ जगहों पर कमियां पाई गई,जिसपर जेई अभिनेष तिवारी को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।कई जगह नालों में गंदगी पाई गई, जिसे देखकर अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायक को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित ठेकेदारों को भी अपने काम में सुधार लाने के लिए कहा गया।

इस निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की सड़कों और नालों की स्थिति में सुधार लाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। अधिशासी अधिकारी और जेई की टीम ने इस निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर जान दी

## परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उझारी**। कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला बड वाली मस्जिद का रहने वाला इरफान पुत्र हमीद 48 वर्ष रविवार को रोज की तरह सुबह मजदूरी के लिए घर से निकला, लेकिन शाम को घर नहीं आया। परिजनों को चिन्ता होने लगी। काफी खोज बीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार की सुबह बुरावली मार्ग मसरूर पटवारियों के बाग में अपने अगोछे को गर्दन में डाल कर आम के पेड़ से लटक गया। आम का बाग सड़क किनारे होने से राहगीरों की नजर मृतक इरफान पर पड़ी। सूचना पर लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े। देखा इरफान आम के पेड़ से लटका हुआ था। खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके थाना अध्यक्ष विकास कुमार, चौकी प्रभारी सतवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। शव का पंचनामा भर शव को पीएम को भेजा। इरफान अपने पीछे तीन बेटियां व तीन बेटे छोड़ गया है। पत्नी नसरीन व बेटी अलकमा, शहरीन फायजा, बेटा अरमान, सुभान व का रो रोकर बुरा हाल है।

# केवाईसी के नाम पर ठगे 1.16 लाख रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खाते की केवाईसी कराने के नाम पर ठगों ने 1.16 लाख रूपये ठग लिये। जबकि उपभोक्ता फोरम ने आवेदन करने पर 18 हजार रूपये छह प्रतिशत ब्याज के साथ लोटाने के आदेश दिये हैं।

मंडी धनौरा के मोहल्ला चामुंडा निवासी सुरेश चंद्र गर्ग अपने मोबाइल पर ऐप चलाते हैं। 24 दिसंबर 2019 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को ऐप का अधिकारी बताते हुए केवाईसी कराने के लिए कहा। धोखाधड़ी का इरादा भांपने में नाकाम सुरेश चंद्र गर्ग ने बताई गई सभी प्रक्रिया को पूरा कर दिया। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से 1.16 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। वहीं, 18 हजार रुपये उनके क्रेडिट कार्ड से ऐप के खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद ऐप ने उस धनराशि को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद सुरेश चंद्र गर्ग उस धनराशि को कहीं भी ट्रांसफर नहीं कर सके। मामले में सुरेश चंद्र गर्ग ने मंडी धनौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान ऐप के कस्टयूमर केयर अधिकारी से बात की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। धनराशि लौटने से इनकार पर मामले में पीड़ित सुरेश चंद्र गर्ग ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह व महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने ऐप के अधिकारियों को तलब कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम ने ऐप के अधिकारियों को सेवा में कमी का दोषी तो नहीं पाया लेकिन स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि पीड़ित अपने 18 हजार रुपये के लिए आवेदन करता है तो उसे वापस कर दी जाए। साथ ही धनराशि को होल्ड किए जाने की तिथि 14 अप्रैल 2019 से 18 हजार रुपये छह प्रतिशत ब्याज के साथ लौटने का आदेश दिया। आर्थिक व मान. सिक क्षतिपूर्ति के लिए पांच हजार तो वहीं और वाद व्यय के तीन हजार रुपये अलग से देने होंगे।

# तिरंगा यात्रा निकाल दिया देशभक्ति का संदेश

## कई स्थानों पर हुआ फूल वर्षा से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाजपायों एवं पालिका बोर्ड के सभासदों ने तिरंगा यात्रा निक. ालकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गीतों पर लोग झूमते रहे।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भाजपाइयों एवं पालि. का बोर्ड के सदस्यों ने पूरे उत्साह उमंग और सब की भागीदारी के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर तिरंगा यात्रा को निकाला। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। भाजपाईयों पालिका बोर्ड के सदस्यों के संग एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा के आगे आगे चल रहे थे। इस समय तेज भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्राये निकाली जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष में देश भर में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। देश भर में तिरंगा यात्रा अभियान के तहत तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा निक. ालने वाले उत्साही भाजपा कार्यकर्ता एवं पालिका बोर्ड के सदस्य द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इसको निक. ाला गया। तिरंगा यात्रा अंबेडकर पार्क, राजपूत कॉलोनी, बाईपास मार्ग, संभल बस स्टैंड चौराहा होते हुए रहरा बस स्टैंड चौराहा स्थित महाराणा प्रताप चौक पर तिरंगा यात्रा का समापन हो गया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा बड़े हर्षोल्लास के साथ यात्रा को निकाला गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर उदयगिरी गोस्वामी, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, नगर स्वास्थ्यता प्रेरक प्रशांत सैनी, मुकेश गुप्ता, अतुल गर्ग, हमजा अली, पंकज भटनागर सचिन गुप्ता, जावेद जरताब, शराफत मलिक, मोहसिन खान, श्याम आर्य आदि मौजूद थे।

# ससुरालियों से विवाद पर किसान की पत्नी ने पिया जहर

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की पत्नी ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टी आने के साथ हालत बिगड़ते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार के बाद भी रिकवरी नहीं होने पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस को सूचना देते नहीं दी गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा की है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले एक किसान की पत्नी का किसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा था। काफी प्रयास के बावजूद गलतफहमियों की वजह से आपस में उलझे हुए मसले किसी सूरत हल नहीं हो पा रहे थे। इसी गृह क्लेश के चलते किसान की पत्नी बीते कई दिन से मानसिक तनाव से जूझ रही थी। सोमवार को परिवार में हुए झगड़े के बाद किसान की पत्नी ने अचानक घर में रखा कीटनाशक पी लिया। शुरुआत में परिजन कुछ समझ नहीं पाए लेकिन उल्टियां आनी शुरू होते ही हड़कंप मच गया। तुरंत ही महिला को स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन प्राथमिक उपचार देने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लिहाजा, हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने घटना संज्ञान में होने से इनकार किया है। तहरीर मिलने पर जांच व आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## एक नजर

### बाइक फिसलने से कपड़ा विक्रेता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तेज गति से चल रही बाइक के फिसल कर गिरने से कपड़ा विक्रेता घायल हो गया। निजी चिकित्सक के उपचार चल रहा है। नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी फरजाना पुत्र बूंदु गांव में कपड़े की फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार की शाम फरजाना फेरी लगाने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। फरजाना जब अमरोहा मार्ग पर पहुंचा तो तेज गति से चल रही बाइक फिसल कर नीचे गिर गई। गनीमत रही की फरजान सड़क किनारे कच्ची मिट्टी पर गिरा अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। राहगीरों ने घायल को उठाकर हसनपुर के चिकित्सक के पास भर्ती कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घायल फरजाना ने बताया कि बाइक चलाते समय उसे ऐसा महसूस हुआ कि उसे किसी ने धक्का दिया है।

### देश के प्रति प्रेम भावना जागृत करें



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर के सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सेविकाओं ने हर घर तिरंगा अभियान का बस्ती में जाकर आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देशभक्ति की भावना में एकता का संदेश दिलाना है। कार्यक्रम के इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन खुर्रम आजाद खान ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रति प्रेम भावना जागृत करने का यह बहुत ही अच्छा संदेश है महाविद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर दानिश खान ने सभी छात्र-छात्राओं को झंडा देकर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान व देश के प्रति प्रेम भावना का संदेश दिया। और भारत की एकता व अखंडता को सशक्त करें। प्राचार्या डा. मलिका निजामी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अमर सिंह कालेज में दिखा देशभक्ति का जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मंगलवार को अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर शहवाजपुर गुर्जर शेरपुर रोड होते हुए पुनः कॉलेज पहुंची। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को राष्ट्रभक्ति, एकता और संविधान के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन, उ.प्र. के निर्देशानुसार सभी को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मुशर्फ खाँ, चन्द्रमोहन, डॉ. रूपा, राजाराम, निसार अहमद, जितेन्द्र सिंह, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, महेश सैनी, योगेन्द्र त्यागी समेत अनेक शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वाईएमएस के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रबंधक रियाज अहमद और प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा बछरायूं रोड होते हुए धनौरी खुर्द शुमाली गांव में विभिन्न स्थानों से होकर कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। वहीं कॉलेज प्रबंधक रियाज अहमद ने कहा, इस तरह के आयोजनों से छात्रों में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होती है। आज का युवा यदि अपने देश और संविधान के लिए जागरूक है, तो हमारा भविष्य स्वर्णिम है। कॉलेज सदैव इस प्रकार की सकारात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता देता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, सुरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, नीरज गहलौत, मोबीन अहमद सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांवड़िये की मौत पर बाइक चालक पर रिपोर्ट

## मृतक के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हादसे में हुई कांवड़िये की मौत के मामले में डिडौली पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के भाई की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

बरेली जिले के सीबी गंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तौर निवासी सत्यपाल श्रावण मास के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए गांव निवासी अपने दोस्त धर्मवीर व आशीष के साथ जल भरने के लिए बृजघाट आया था। कांवड़ भरने के बाद सोमवार सुबह में करीब छह बजे यह तीनों बाइक पर सवार होकर बरेली लौट रहे थे। डिडौली क्षेत्र में गांव ढकिया चमन के पास से गुजरते समय कांवड़ियों के लिए आरक्षित हाईवे की लेन पर इनकी बाइक की कांवड़ियों की बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। हादसे में सत्यपाल, आशीष व धर्मवीर गंभीर घायल हो गए थे। उपचार के दौरान सत्यपाल की मौत हो गई थी। पोस्टर्माटम के बाद परिजन शव घर ले गए थे, तब मामले में मुकदमा दर्ज नहीं कराया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने नौ दिन पूर्व हादसे में हुई कांवड़िये की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# स्वदेशी जागरण मंच ने फूंका डोनाल्ड ट्रंप का पुतला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 'स्वदेशी स्वावलंबन अभियान' के अंतर्गत स्वदेशी शंखनाद का कार्यक्रम इंदिरा चौक गजरौला में हुआ। कार्यक्रम में व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान, लघु उद्योग भारती, गायत्री परिवार व समाज के संभ्रांत नागरिकों द्वारा स्वदेशी का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुधांशु बिश्नोई एडवोकेट ने कहा भारत विश्व का सिरमौर बनेगा, उसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा, मानसिक रूप से विकृत अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी दादागिरी विकसित देशों पर थोपना चाहता है, इसीलिए वह उल्टे सीधे टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाना चाहता है। भारत का जनमानस इसको सबक सिखाएगा और स्वदेशी को अपनाकर भारत को विश्व की प्रथम अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगा। हमें स्वरोजगार अपनाकर भारत को अधिक से अधिक उत्पादन वाला देश बनाना होगा। कहा कि ऑनलाइन कंपनियां भारत को अपने मकड़जाल में फंसा कर भारत के व्यापार को चौपट करना चाहती हैं, इससे हमारे खुदरा व्यापार को बहुत बड़ी हानि का सामना करना पड़ेगा। हमें सजग प्रहरी बनना पड़ेगा और जोरदार तरीके से इन विदेशी कंपनियों को भगाना होगा। इस अवसर पर जिला संयोजक वेद प्रकाश चौहान, ईशान अग्रवाल, सह विभाग संयोजक मोहित शर्मा, हिमाचल यदुवंशी, शुभम सिंह, मनमोहन सेन, रामरतन सिंह, नवीन गर्ग, सुलभ, दयानंद शर्मा, सचिन, अंकुश आदि मौजूद रहे।

# महिला समेत तीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**■ चैकिंग को गई विद्युत टीम के साथ की थी मारपीट**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चैकिंग करने गई विद्युत टीम के साथ मारपीट और अभद्रता करने वाली महिला और दो अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस ने जेई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना में विद्युत टीम के टीजीटू घायल भी हुए थे।

बता दें कि सोमवार की शाम को विद्युत विभाग के जेई अनिकेत कुमार, टीजीटू अंकुश यादव, चार संविदाकर्मी मदन सिंह, मनोज कुमार, रमेश, बबी, नरेन्द्र आदि की टीम चैकिंग करने के लिये मौहल्ला मायापुरी पहुंचे थे। यहां की निवासी महिला मीरा पत्नी सोमपाल का कनेक्शन बकाया जमा न करने के कारण कुछ समय पहले काट दिया गया था, मगर मौके पर देखा तो पता चला कि मीरा दूसरे उपभोक्ता की केबिल में से कट लगाकर चोरी से विद्युत का उपयोग कर रही थी। टीम ने जब विद्युत चोरी करने आदि की वीडियोग्राफी करनी शुरू की तो आरोप है कि महिला ने दो व्यक्तियों के साथ मिलकर टीम के साथ अभद्रता की और लाठी डंडे से मारपीट की। विद्युत कर्मियों के हाथों से सरकारी अभिलेख भी छीनकर फाड़ दिए। टीजीटू अंकुश यादव डंडा लगने से घायल भी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीम को आरोपितों के चंगुल से बचाकर निकाला। रात को ही जेई ने पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस प्रकरण में मीरा पत्नी सोमपाल व दो अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

# रोडवेज चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**■ दो दिन पहले सड़क पार कर रहे युवक को किया था घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे युवक को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामा की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज बस के चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जनपद रामपुर के थानाक्षेत्र सैफनी के अर्न्तगत स्थित ग्राम सद्दीकपुर निवासी सौरव सिंह पुत्र राजवीर सिंह 09/10 अगस्त की मध्यरात्रि को हाइवे पर हल्दीराम होटल के सामने सड़क पार कर रहा था। मुरादाबाद की तरफ से सर्विस रोड पर आ रही रोडवेज बस ने सौरव सिंह को रौंद दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सौरव के मामा राजेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज बस चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

27 जुलाई की रात को सड़क किनारे खड़े तीन बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले मोटरसाईकिल चालक के विरूद्ध पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है। हादसे में एक युवक राजपाल(27) निवासी गांव तार का मझरा छितरिया जागीर थाना टांडा जनपद रामपुर की मौत भी हो गई थी, जबकि उसके दोस्त देवेन्द्र व सौरव घायल हो गए थे। मृतक के भाई राजपाल ने हादसे के जिम्मेदार मोटरसाईकिल चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# किसानों को मिले फसल का दाम तय करने का अधिकार



**■ चौकपुरी में भाकियु संयुक्त मोर्चा की पंचायत आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भारत में किसान को अपनी फसलों का दाम तय करने का अधिकार नहीं है, जबकि अन्य सभी उत्पादक इकाईयां अपने उत्पाद का दाम स्वयं तय करती हैं।

ब्लॉक के ग्राम चौकपुरी में आयोजित पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केन्द्र व प्रदेश की सरकार से किसान को अपनी फसलों के भाव तय करने की अपील करते हुए कहा कि, यदि देश के किसानों के अधिकारों के साथ खिलबाड़ बंद नही किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. विजयवीर सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को कमजोर समझने की गलती न करे और बिजली के निजीकरण संबधी कार्रवाई को तुरंत वापस ले, यदि उत्तर प्रदेश मे बिजली का निजीकरण किया गया तो किसान सड़कों पर उतरकर विरोध करेगा। पंचायत का संचालन मण्डलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह व अध्यक्षता कैसर सिह सैनी ने की। इस मौके पर धर्मेन्द्र शर्मा को ग्राम अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र सैनी को युवा ग्राम अध्यक्ष और गांव के 40 किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा, मनोज सैनी, अंकूर शर्मा, रिंकू सैनी, कामिल चौधरी, अरुण उपाध्याय, खचेडू सिंह, जयपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# दो कारों की भिड़ंत में चार लोग घायल

## गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा के बाद एक चालक अपनी कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है।

हादसा सोमवार दोपहर पप्सरा चौकी के पास हुआ। हसनपुर निवासी मोहम्मद अब्बास अपने तीन साथियों के साथ कार में सवार होकर अमरोहा से हसनपुर की ओर जा रहे थे। चौकी के सामने से गुजरते समय अतरासी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनकी कार में टक्कर मार दी। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए जबकि कार में सवार मोहम्मद अब्बास समेत बाकी तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला चालक अपनी कार छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकालते हुए उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कप: भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

**अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर**



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओपनिंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152.39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● कोहली का जलवा इंस्टग्राम पर बरकरार

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

**रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए),चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

**मानहानि केस**



● **मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था**

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● **यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिललग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निदेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

● **10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं**

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विजेता**-भावना , पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

**8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा**



**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की कोशिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते है: जूलियन

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरकरार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

# मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस महासचिव**

# गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है

# बरमूडा ट्रायंगल



बर्मुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यत: कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रही। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वत: ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यत: नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

# आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवतः इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यत: अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

**...मनोहर पवार**
**(स्रोत फीचर्स)**

# जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

## वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष



**श्वेता गोयल**

अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।



अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसा. रिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा: रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

### कहा: बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

# भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटका: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



### कहा: डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरा. ेपीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमे. रिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाए: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहा: यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गति. विधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

# गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोश: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

### कांग्रेस नेता ने कहा: इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




# आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन: माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा: पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमे. रिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

